राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 155 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

## आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने पर ही पूरा होगा विकसित भारत का लक्ष्य : राष्ट्रपति



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरणों (आईटीडीए) और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं (आईटीडीपी) के राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब आदिवासी समुदाय भी विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। आदिवासी समाज सांस्कृतिक रूप से अत्यंत समृद्ध है लेकिन योजनाओं की जानकारी और उनतक समय पर लाभ नहीं पहुंच पाते। आदिवासी परिवार आत्मसम्मान के साथ जीवन जीते हैं और उनके कल्याण के लिए योजनाओं को बार-बार उनके दरवाजे तक ले जाना आवश्यक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरणों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, राज्यमंत्री दुगार्दास उइके, मंत्रालय की सचिव रंजना चोपड़ा और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## दिल्ली में 6 मंजिला होटल में आग, 21 की मौतः इनमें बांग्लादेश-अफ्रीकी देशों के 17 नागरिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह फ्लोरिश स्टे बीएंडबी रेस्टोरेंट में लगी आग में 21 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं इस घटना में 40 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। दमकल की आठ गाड़ियों ने पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया है। इलाके में भीषण आग के बाद घंटों तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आग इतनी तेजी से फैली कि रेस्टोरेंट और उससे जुड़े हिस्सों में मौजूद कई लोग अंदर फंस गए।

सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग, दिल्ली पुलिस और आपदा प्रबंधन एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और बड़े स्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस दुखद घटना में 21 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। 8 दमकल गाड़ियों की सहायता से आग को सफलतापूर्वक बुझा दिया गया है। पुलिस, अग्निशमन सेवाओं और अन्य आपातकालीन बचाव कर्मियों के समन्वित प्रयासों से, 40 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया





है और चिकित्सा उपचार के लिए पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि अभी तक

**बचाव अभियान**

- मालवीय नगर अग्निकांड : दूतावासों के संपर्क में विदेश मंत्रालय, दे रहा आवश्यक मदद

यह संख्या उन सभी लोगों की है, जिन्हें इमारत से निकाला गया है। इनमें से कितने लोग घायल हैं और उनकी स्थिति क्या है, इसकी विस्तृत जानकारी संबंधित अस्पतालों से जुटाई जा रही है। प्रशासन लगातार अस्पतालों के संपर्क में है और घायलों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान दमकल विभाग के जवानों को भी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। आग बुझाने और अंदर फंसे लोगों को निकालने के दौरान एलएफएम योगेंद्र घायल हो गए। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। वहीं एसटीओ मनोज की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें ड्यूटी से हटाकर वापस स्टेशन भेजा गया।

### फास्ट न्यूज

## भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनकर उभरा, अमेरिका को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने वार्षिक सौर ऊर्जा क्षमता वृद्धि में संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। भारत ने 155 गीगावाट की उल्लेखनीय सौर ऊर्जा स्थापित क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे देश के 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता लक्ष्य को प्राप्त करने और निर्धारित समय से पहले अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने में मदद मिली है। अब इस क्षेत्र में चीन भारत से आगे है। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए बुधवार को केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर साझा किए अपने संदेश में कहा कि भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनकर उभरा है, जिसने 2025 में वार्षिक सौर ऊर्जा क्षमता वृद्धि के मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। यह उपलब्धि देश की स्वच्छ ऊर्जा की तीव्र वृद्धि को दर्शाती है, जो कुशल, विश्वसनीय और टिकाऊ सौर अवसंरचना सुनिश्चित करने में सहायक है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी प्रमुख पहल लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं, जिसके तहत 40 लाख से अधिक परिवार पहले ही छत पर सौर ऊर्जा से जुड़ चुके हैं।

## भारत ने कुवैत पर हुए हमले की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने कुवैत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमले की निंदा की है। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है और अन्य घायल हैं। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिम एशिया में जारी वर्तमान संघर्ष की शुरूआत से ही भारत, नागरिकों और नागरिक ढांचागत सुविधाओं को निशाना बनाए जाने का विरोध करता रहा है। सरकार हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती है।

### ऋतब्रत बनर्जी को विधायक दल का नेता चुना, स्पीकर ने मंजूरी भी दी

# ममता की टीएमसी टूटी, 58 विधायकों ने अलग गुट बनाया

**ममता को झटका**

- पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बंद्योपाध्याय को विधानसभा में विपक्ष का नेता की मान्यता दे दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के भीतर चल रहे सत्ता संघर्ष के बीच बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। पार्टी से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बंद्योपाध्याय को विधानसभा में विपक्ष का नेता की मान्यता दे दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बसु की स्वीकृति के बाद नेता प्रतिपक्ष के लिए निर्धारित कक्ष भी खोल दिया गया और उसकी चाबी ऋतब्रत को सौंप दी गई। ऋतब्रत बंद्योपाध्याय ने दावा किया कि तृणमूल के टिकट पर निर्वाचित दो-तिहाई विधायक उनके साथ हैं और यही समूह अब विधानसभा में तृणमूल के संसदीय दल का बहुमत रखता है। उन्होंने कहा कि उनकी अगुवाई में विपक्ष भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के खिलाफ मजबूती से अपनी भूमिका निभाएगा। ऋतब्रत के अनुसार, तृणमूल के 80 विधायकों में से 60 विधायक उन्हें विपक्ष का नेता बनाए जाने के प्रस्ताव का समर्थन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल 58 विधायकों का लिखित समर्थन उनके पास है, जबकि दो अन्य विधायक राज्य से बाहर हैं और उन्होंने भी सहमति दे दी है। उनके समर्थन पत्र मिलते ही यह संख्या 60 हो जाएगी।

नई टीम की घोषणा करते हुए ऋतब्रत ने बताया कि विधानसभा में आखरुज्जामान को मुख्य सचेतक बनाया गया है। वहीं, जावेद अहमद खान, सबीना यासमीन, शिउली साहा और संदीपन साहा को उपनेता नियुक्त किया गया है। इन सभी के समर्थन संबंधी पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं।

ऋतब्रत ने कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा नवान्न में बुलाई गई प्रशासनिक समीक्षा बैठक में विपक्षी विधायकों को भी आमंत्रित किया गया था, जिसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। कोलकाता, हावड़ा और उत्तर 24 परगना के विपक्षी विधायक बैठक में शामिल हुए और विपक्ष सरकार के सकारात्मक कदमों का समर्थन करने के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सशक्त तरीके से आवाज उठाएगा।



### अभिषेक का पार्टी से कोई संबंध नहीं, ममता बनर्जी सलाहकार के रूप में मार्गदर्शन दें: ऋतब्रत बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के भीतर जारी संघर्ष के बीच नवमान्यता प्राप्त विपक्ष के नेता ऋतब्रत बंद्योपाध्याय ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अभिषेक बनर्जी का उनकी पार्टी से कोई संबंध नहीं है, जबकि ममता बनर्जी को वह एक वरिष्ठ नेता के रूप में पार्टी की मुख्य सलाहकार की भूमिका में देखना चाहते हैं। बुधवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में ऋतब्रत ने कहा कि अभिषेक बनर्जी की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उनके साथ हमारी पार्टी का कोई संबंध नहीं है। जनता के साथ भी उनका कोई जुड़ाव नहीं है। यदि ऐसा होता तो चुनावी हार के बाद वह 26 दिनों तक सार्वजनिक रूप से गायब नहीं रहते, बल्कि लोगों के बीच आते।

### तृणमूल के हाथ केएमसी भी निकला, कोलकाता के मेयर हकीम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में जारी उथल-पुथल के बीच तृणमूल कांग्रेस को बुधवार को एक और बड़ा झटका लगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कोलकाता नगर निगम के मेयर और राज्य के पूर्व मंत्री फिरहाद हकीम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। तृणमूल विधायक कुणाल घोष ने बताया कि फिरहाद हाकिम ने तृणमूल प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अनुमति लेने के बाद यह फैसला किया है। उनके अनुसार, फिरहाद ने ममता बनर्जी को बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में नगर निगम में प्रभावी ढंग से काम करना संभव नहीं हो पा रहा है। पहले ममता बनर्जी ने उन्हें ऐसा कदम उठाने से मना किया था, लेकिन बाद में उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए इस्तीफे की अनुमति दे दी।



कर्नाटक की राजनीति में बुधवार को एक नए अध्याय की शुरूआत हुई, जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डी.के. शिवकुमार ने राज्य के 25वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

### आरबीआई ने कहा-सोना बेचने की खबरें गलत, भंडार 880.52 टन पर स्थिर

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को उन मीडिया रिपोर्टों को खारिज कर दिया है, जिनमें यह दावा किया गया था कि उसने अपने स्वर्ण भंडार का कुछ हिस्सा बेच दिया है। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि उसके पास मौजूद सोने की मात्रा 880.52 टन पर अपरिवर्तित बनी हुई है। एक अमेरिकी मीडिया कंपनी ब्लूमबर्ग ने दावा किया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया हो सकता है। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स ने एक विश्लेषण आधार पर यह दावा किया था। केंद्रीय बैंक ने अफवाहों से बचने और प्रामाणिक जानकारी के लिए हमेशा आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने की अपील की है।

## चार राज्यों में 24 हजार करोड़ की प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने सड़क संपर्क, तटीय संपर्क और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और बिहार में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। लगभग 24 हजार करोड़ की इन परियोजनाओं से यातायात सुगम होगा और औद्योगिक तथा पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में इन फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में एनएच-347बी के हिवारखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी खंड में मौजूदा मध्यवर्ती लेन को पक्के शोल्डर मानक के साथ दो लेन में अपग्रेड किया जाएगा। इसके अलावा देशगांव-जुलवानिया खंड में मौजूदा दो लेन मार्ग को चार लेन तक चौड़ा किया जाएगा। 233.653 किमी की इस परियोजना पर 4415.60 करोड़ रुपये का खर्च होने का अनुमान है। परियोजना के तहत खरगोन तक 16.20 किमी का ग्रीनफिल्ड बायपास भी निर्मित किया जाएगा।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच नई तकनीकी साझेदारी, एआई-डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को तकनीकी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग को आपसी सहयोग की प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में चिन्हित किया है। कर्तव्य भवन में आयोजित द्विपक्षीय बैठक में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह और दक्षिण अफ्रीका की उप विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार मंत्री नोमलुंगीलो जीना के बीच समझौता हुआ। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार विभाग के सचिव डॉ. राजेश एस. गोखले, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल थे। दक्षिण अफ्रीकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उप मंत्री डॉ. नोमालुंगेलो जीना ने किया और इसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार विभाग तथा दक्षिण अफ्रीकी उच्चायोग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## पार्टी के नये नेतृत्व से नई ऊर्जा, नया संकल्प और मिलेगी नई दिशाः सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष संगठन का चेहरा और कार्यकर्ताओं की आशाओं का केंद्र होता है। वह संगठन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु होता है और पार्टी की विचारधारा को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम होता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पंचकूला में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के शपथ ग्रहण



समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नव-नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी ऐसे ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हैं। जब भारतीय जनता पार्टी हरियाणा को एक नया नेतृत्व, नई ऊर्जा, नया संकल्प और नई दिशा प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि

**पदभार**

- अर्चना गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला
- सैनी ने किया समारोह को संबोधित

सफल प्रदेशाध्यक्ष केवल संगठन का विस्तार नहीं करता, बल्कि कार्यकर्ताओं के मन को जोड़ता है। वह हर बूथ कार्यकर्ता के योगदान को सम्मान देता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने अरावली की परिभाषा तय करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** उच्चतम न्यायालय ने अरावली पर्वतमाला की परिभाषा तय करने के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। कोर्ट ने उच्चस्तरीय समिति से 31 अगस्त तक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

आईसीएफआरई के महानिदेशकर कंचन देवी करेंगी। कंचन देवी के अलावा इस कमेटी में भारतीय वन सर्वेक्षण के पूर्व महानिदेशक डॉ सुभाष आशुतोष, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के पूर्व निदेशक डॉ राजेंद्र कुमार शर्मा, पर्यावरण मंत्रालय के पूर्व संयुक्त सचिव बृज मोहन सिंह राठौर और दिल्ली यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष अशोक भटनागर शामिल होंगे।

### *महाविद्यालयों में अप्रेंटिसशिप समाहित डिग्री कार्यक्रम एवं नए कौशल आधारित स्नातक पाठ्यक्रम शुरू होंगे : शिक्षा मंत्री*

# शिक्षा क्षेत्र में प्रमुख सुधारों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं एवं सुधारों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है तथा अनेक महत्त्वपूर्ण सुधार लागू किए हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्नातक डिग्री पूर्ण कर चुके विद्यार्थियों के लिए अप्रेंटिसशिप



समाहित डिग्री कार्यक्रम प्रारम्भ करने जा रही है। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न उद्योगों के साथ कार्य करने का अवसर मिलेगा तथा उन्हें स्टाइपेंड भी प्रदान किया जाएगा। इससे उनके कौशल विकास के साथ-साथ रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महाविद्यालय स्तर पर विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रम भी शुरू किए जाने की योजना है, जिससे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की भाषा दक्षता प्राप्त होगी और अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कौशल आधारित स्नातक पाठ्यक्रम (बी.वोक.) की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। इसी को देखते हुए सरकार इस योजना के अंतर्गत चार नए पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रही है।

**समीक्षा**

- कक्षा 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बजट घोषणा के अनुरूप शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत एसएमसी अध्यापकों, मिड-डे मील कर्मियों, जल वाहकों, कंप्यूटर शिक्षकों तथा बहु-उद्देशीय कर्मियों के मानदेय में 500 रुपये प्रति माह की वृद्धि की गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कक्षा 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा।

# हरियाणा में कानूनगो व लेखाकार बने नायब तहसीलदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन को जमीनी स्तर पर और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए नव पदोन्नत 33 नायब तहसीलदारों की विभिन्न जिलों में नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। यह अधिकारी हाल ही में कानूनगो तथा जिला राजस्व लेखाकार (डीआरए) के पदों से पदोन्नत हुए हैं और इन्हें प्रदेश के विभिन्न राजस्व प्रतिष्ठानों में रिक्त पदों के विरुद्ध नियुक्त किया गया है। यह आदेश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य



सचिव एवं वित्तायुक्त डॉ.सुमिता मिश्रा द्वारा 2 जून को जारी किए गए।

इन नियुक्तियों का उद्देश्य लंबे समय से रिक्त चल रहे राजस्व पदों को भरना तथा प्रदेश में भूमि प्रशासन, राजस्व संग्रहण, म्यूटेशन (नामांतरण) कार्य, रिकॉर्ड प्रबंधन और आमजन को दी जाने वाली सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाना है। नियुक्त किए गए अधिकारियों में से कुछ को क्रमशःपानीपत, सिरसा, महेंद्रगढ़, कालांवाली, बेरी, हांसी, नारनौल, जगाधरी, वजीराबाद, फतेहाबाद, चरखी दादरी और हिसार जिलों में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त कई अधिकारियों को पलवल, मोहना, गोहाना, फरुखनगर, सांपला, सोनीपत, रतिया, करनाल, डबवाली, अंबाला, राय, प्रतापनगर (यमुनानगर), रोहतक तथा चंडीगढ़ स्थित वित्तायुक्त राजस्व कार्यालय में तैनात किया गया है।




# उत्तर भारत

ACTION INDIA

करनाल, 04 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com




# बीमारूपन दूर कर किसानों ने बनाया समृद्ध उत्तर प्रदेश: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती की संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी-2026 का शुभारंभ, पहले किसानों को नहीं मिलती थी सिंचाई, सुविधा और सुरक्षा: मुख्यमंत्री, किसान तकनीक व अच्छी क्वालिटी के बीज अपनाएं, केमिकल-पेस्टिसाइड को न्यूनतम कर प्राकृतिक खेती पर जोर दें: मुख्यमंत्री

**आत्मनिर्भरता**

**किसान समाज व राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहे: सीएम योगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों में खेती-किसानी के क्षेत्र में आए परिवर्तन के कारण अन्नदाता किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। किसान समाज व राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। देश की सबसे अच्छी उर्वरा भूमि और सर्वाधिक सिंचित भूमि (86 फीसदी) यूपी में है। रबी-खरीफ व जायद की तीनों फसलों से किसानों को अच्छा दाम भी मिल रहा है। यह किसानों की मेहनत का परिणाम है कि यूपी का बीमारूपन दूर हुआ और राज्य समृद्ध बना। किसानों ने कृषि विकास दर को 8 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत तक पहुंचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती की संयुक्त मंडलीय खरीफ उत्पादकता संगोष्ठी-2026 का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जन-समूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और उन्हें ट्रैक्टर की चाबी व केसीसी प्रमाण पत्र प्रदान किए। संगोष्ठी का संचालन चारूशीला सिंह ने किया।

**2005-2014 के बीच देश में अनगिनत किसानों ने की आत्महत्या**

सीएम योगी ने कहा कि 12 वर्ष पहले किसान आत्महत्या पर मजबूर थे। 2005 से 2014 के बीच देश में अलग-अलग स्थानों पर अनगिनत किसानों ने आत्महत्या की थी। इसके पीछे भी त्रासदी थी, उनके लिए अच्छी क्वालिटी के बीज, उचित एमएसपी, आपदा से बचाव के उपयुक्त प्रबंध नहीं थे। लागत अधिक-उत्पादन कम था। यदि किसान ने मेहनत से अन्न उत्पादन किया भी तो उसके क्रय की उचित व्यवस्था नहीं थी।



## धरती माता के स्वास्थ्य का भी परीक्षण करा रही सरकार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

सीएम ने कहा कि पहली बार कोई सरकार कह रही है कि जैसे हम अपने उत्तम स्वास्थ्य के लिए हेल्थ चेकअप करवाते हैं, ऐसे ही धरती माता के स्वास्थ्य का भी परीक्षण होना चाहिए। पीएम मोदी ने 2014 से अनिवार्य रूप से फ्री में सॉइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना लागू हुईं। दलहन-तिलहन आयात में सरकार को लाखों-करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते थे, लेकिन किसानों को अच्छे बीज देकर दलहन-तिलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विशेष अभियान प्रारंभ किया।

**हमारी सरकार ने किसानों के लिए उठाए अभूतपूर्व कदम**

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया गया, जिससे अन्नदाता किसान साहूकार के सामने हाथ नहीं फैलाए और न ही कर्ज से दबे। मंडी में व्यापक रिफॉर्म किया गया। प्रदेश में जब डबल इंजन सरकार आई तो उसने भी इसे मजबूती से बढ़ाया। किसानों के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए। 2017 में पहली कैबिनेट मीटिंग में कर्ज से दबे किसानों को राहत दी गई। फसल ऋण की विशेष योजना प्रारंभ की गई। प्रयास रहा कि किसानों को लागत का डेढ़ गुना दाम प्राप्त हो। जगह-जगह सरकारी क्रय केंद्र खोलकर उनकी उपज को खरीदा गया।

**दशकों से लंबित परियोजनाएं पूरी हुईं**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में दशकों से लंबित सिंचाई परियोजनाओं को प्रारंभ करने के साथ बाणसागर, सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना, बुंदेलखंड आदि से जुड़ी परियोजनाओं को पूरा कराया गया।

## योगी सरकार में बिजली व्यवस्था बनी मिसाल, डिमांड आपूर्ति में कई बड़े राज्यों को छोड़ा पीछे



**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिजली व्यवस्था लगातार मजबूत बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच प्रदेशवासियों को निर्बाध और पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का असर अब राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखाई देने लगा है। डिमांड के अनुरूप बिजली आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों को पीछे छोड़ दिया है और लगातार डिमांड बिजली आपूर्ति कर रहा है।

फिलहाल प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग के बावजूद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली उपलब्ध करा रहा है। प्रदेश में 2-3 जून की रात को 12:21 बजे 28,770 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई। इसी तरह रात 1 बजे 28,321 मेगावाट, 3 बजे 26,830 मेगावाट डिमांड बिजली आपूर्ति की गई है। 3 जून की सुबह 6 बजे 23,459 मेगावाट, सुबह 9 बजे 22,452 मेगावाट, 10 बजे 24,074 मेगावाट, 11 बजे 24,897 मेगावाट और दोपहर 12 बजे 25,076 मेगावाट बिजली आपूर्ति की गई है।

## पश्चिमी देशों में युवा सिखों के लिए कृपाण धारण संबंधी दिशा-निर्देशों की समीक्षा करे एसजीपीसी

**अपील**

**यूके में सिख युवक की हत्या मामले के बाद कृपाण को लेकर बढ़ी अंतरराष्ट्रीय बहस**



**टीम एक्शन इंडिया**

**अमृतसर।** यूनाइटेड किंगडम में एक सिख युवक को हाल ही में हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सार्वजनिक स्थानों पर कृपाण धारण को लेकर छिड़ी अंतरराष्ट्रीय बहस पर चिंता जताते हुए इंडस कनाडा फाउंडेशन (आईसीएफ) ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) से अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में रहने वाले युवा सिखों के लिए कृपाण धारण संबंधी दिशा-निर्देशों की समीक्षा करने का आग्रह किया है।

एसजीपीसी को लिखे पत्र में आईसीएफ के अध्यक्ष विक्रम बाजवा ने कहा कि कृपाण सिख धर्म के पवित्र पांच ककारों में से एक है, जो साहस, न्याय, कमजोरों की रक्षा और धर्मसम्मत आचरण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक रूप से कृपाण को एक धार्मिक आस्था के प्रतीक के रूप में देखा जाता रहा है, न कि हथियार के रूप में।

हालांकि, पश्चिमी देशों में हाल की कुछ घटनाओं के बाद सार्वजनिक स्थानों पर अमृतधारी सिखों द्वारा कृपाण धारण करने को मिली कानूनी छूट पर नए सिरे से सवाल उठने लगे हैं। फाउंडेशन ने सुझाव दिया है कि एसजीपीसी एक परामर्श जारी कर 30 वर्ष से कम आयु के अमृतधारी सिखों, विशेषकर स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में युवाओं, के सार्वजनिक स्थानों पर कृपाण धारण को सीमित करने पर विचार करे।

## देहरादून के सन्दर्भ कुमार ने उत्तराखंड का नाम किया रोशन

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के निवासी सन्दर्भ कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। देहरादून के नौगांव निवासी सन्दर्भ कुमार ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित 'आर्म रेसलिंग एंड पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2026' में प्रतिभाग कर ये सफलता हासिल की है। गुजरात के गांधी नगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी में 29 मई से 2 जून 2026 तक आयोजित 'आर्म रेसलिंग एंड पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप' में देहरादून के सन्दर्भ कुमार ने अपनी प्रतिभा, तकनीक व बल का प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंदियों को करारी मात दी और प्रतिस्पर्धा में दूसरा स्थान हासिल किया। सन्दर्भ कुमार की इस सफलता पर उनके माता पिता एवं स्थानीय निवासी गर्व महसूस कर रहे हैं।

**परचमा लहराया**

**देहरादून के सन्दर्भ कुमार ने उत्तराखंड का नाम किया रोशन, आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में प्राप्त किया द्वितीय स्थान**

सन्दर्भ के पिता राजेश कुमार का कहना है कि उनके पुत्र में बचपन से ही कुछ बड़ा करने की इच्छा थी और अपने इसी लक्ष्य को लेकर वो दिन-रात मेहनत कर रहे थे। ये सन्दर्भ के परिश्रम का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आज अपनी एक पहचान बनाई है।

उन्होंने बताया कि सन्दर्भ अब एशिया स्तर और विश्व स्तर पर आयोजित होने वाली आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप की तैयारियों में जुट गये हैं।

## आईआईएमसी में एमए और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। भार**तीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमए और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु ई-काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक अभ्यर्थी 7 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि प्रथम सीट आवंटन 9 जून को जारी किया जाएगा।

आईआईएमसी ने इस वर्ष तीन नए एमए कार्यक्रम की शुरूआत की है जिसमें हेल्थ कम्युनिकेशन, मीडिया एंड कम्युनिकेशन गवर्नेंस तथा कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन एंड ब्रांड मैनेजमेंट शामिल हैं। इसके साथ ही संस्थान अब अपने छह परिसरों में कुल छह एमए कार्यक्रम संचालित करेगा।





बुधवार को संस्थान के प्रवेश प्रभारी एवं परीक्षा नियंत्रक प्रो. राकेश कुमार गोस्वामी ने बताया कि सभी एमए और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश, केवल ई-काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। संस्थान के चार पारंपरिक पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम- अंग्रेजी पत्रकारिता, हिंदी पत्रकारिता, रेडियो एवं टेलीविजन पत्रकारिता तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क भी इस वर्ष उपलब्ध रहेंगे। एमए कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री और सीयूईटी-पीजी (सीओक्यूपी17) में वैध स्कोर होना आवश्यक है। वहीं, पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए स्नातक डिग्री के साथ सीयूईटी-पीजी स्कोर अनिवार्य है।

## पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की लॉन्च क

**मंडी: पर्नो**ड रिकार्ड इंडिया के रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट ने अपने नए वैरिएंट रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की के लॉन्च की घोषणा की है।यह नया उत्पाद उन खास ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है,जो हर घूंट में अलग पहचान,गहराई और बेहतरीन अनुभव की तलाश करते हैं।यह नया वैरिएंट भारतीय व्हिस्की में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। इस नए वैरिएंट में लंबी और आकर्षक बोतल दी गई है,जो प्रीमियम लुक और एलिगेंस का एहसास कराती है।इसके साथ एक प्रीमियम क्लियर-ऑन-क्लियर लेबल दिया गया है,जो इस श्रेणी में पहली बार पेश किया गया है।इस नए उत्पाद को मास्टर ब्लेंडर केविन बाल्मफोर्थ का समर्थन प्राप्त है,जो इसकी गुणवत्ता और विशेषज्ञता को और मजबूत बनाता है।ट्रिपल सिलेक्ट प्रॉमिस की गारंटी के साथ तैयार की गई रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की में तीन बेहतरीन विशेषताओं का समावेश किया गया है,चुनिंदा भारतीय ग्रेन स्पिरिट्स, चुनिंदा स्कॉच माल्ट्स और चुनिंदा अमेरिकन ओक बैरल्स में परिपक्व की गई सामग्री।इसका परिणाम एक ऐसी बेहतरीन ब्लेंड के रूप में सामने आता है।

## अब भारत बढ़ता डिजिटल इंडिया की ओर....

**भारत** तेजी से डिजिटल प्रशासन की ओर बढ़ रहा है और इसी दिशा में छत्तीसगढ़ ने राजस्व प्रशासन को आधुनिक, पारदर्शी और आमजन के लिए सहज बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की है। राज्य सरकार द्वारा लागू की गई राजस्व ई-कोर्ट परियोजना अब केवल एक तकनीकी व्यवस्था नहीं रह गई है, बल्कि यह ग्रामीण और शहरी नागरिकों के लिए न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया को सरल, त्वरित और भरोसेमंद बनाने वाला प्रभावशाली माध्यम बन चुकी है।

वर्षों तक राजस्व मामलों में आम लोगों को तहसील, एसडीएम कार्यालय और कलेक्टर



**विष्णु प्रसाद वर्मा**
**सहायक संचालक**

कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, फौती प्रकरण, खाता सुधार या भूमि विवाद जैसे मामलों में पेशी की तारीख जानने, आदेश की प्रति लेने या केस की स्थिति समझने में समय, धन और ऊर्जा तीनों की भारी खपत होती थी। कई बार बिचौलियों और भ्रष्टाचार का सामना भी करना पड़ता था। लेकिन अब वही पूरी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ चुकी है। छत्तीसगढ़ की ई-कोर्ट परियोजना ने राजस्व न्यायालयों की पारंपरिक कार्यप्रणाली को बदलकर उसे पेपरलेस, स्मार्ट और जनकेंद्रित बना दिया है। नायब तहसीलदार से लेकर कलेक्टर और राजस्व मंडल तक की न्यायिक प्रक्रिया अब ऑनलाइन संचालित हो रही है। इससे न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ी है, बल्कि आम नागरिकों का भरोसा भी मजबूत हुआ है।

**ई-कोर्ट व्यवस्था एक प्रभावी समाधान-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय**

मुख्यमंत्री ने राजस्व ई-कोर्ट परियोजना को सुशासन और डिजिटल प्रशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा है कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और जनता के लिए सुलभ बनाना है। तकनीक का उपयोग तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसका सीधा लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। राजस्व मामलों में वर्षों से चली आ रही जटिलताओं को समाप्त करने के लिए ई-कोर्ट व्यवस्था एक प्रभावी समाधान बनकर सामने आई है। अब नागरिकों को छोटी-छोटी

## किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार सतर्क





**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को समय पर खाद एवं कृषि आदान उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, मार्कफेड तथा जिला प्रशासन के समन्वय से पूरे प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। राज्य सरकार ने वैश्विक परिस्थितियों के कारण रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावनाओं को देखते हुए अग्रिम तैयारी की है। उर्वरकों के पर्याप्त भंडारण, समयबद्ध परिवहन और किसानों तक सुगम वितरण सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों, कृषि अधिकारियों, सहकारिता विभाग तथा मार्कफेड को विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनियमित वितरण पर रोक लगाने के लिए सतत निगरानी की जा रही है।

**भंडारण**

**उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण, खाद उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रणनीति पर काम कर रही है सरकार**

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जिलों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है।

पश्चिम एशिया में तनाव के कारण आयातित उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार कर रही है। वर्तमान में राज्य में 9.29 लाख मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के रासायनिक खाद का स्टॉक गोदामों और सोसायटियों में उपलब्ध है। जबकि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को इस खरीफ सीजन के लिए 15.55 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का लक्ष्य आबंटित हुआ है।

आधुनिक आवासीय सुविधाओं सहित होगा व्यापक आधुनिकीकरण*

## छत्तीसगढ़ राजधानी में विकसित होगा विश्वस्तरीय हॉस्पिटैलिटी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर: छ**त्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल द्वारा रायपुर स्थित क्वींस क्लब ऑफ इंडिया के विकास, संचालन एवं रख-रखाव के लिए लाइसेंस आधार पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत एजेंसी नियुक्त करने की महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित की गई है। यह पहल रायपुर को एक आधुनिक एवं प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी तथा वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी। परियोजना के तहत क्लब परिसर में स्क्वैश कोर्ट, टेनिस कोर्ट, जिम, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन हॉल, बिलियर्ड रूम तथा टेबल टेनिस हॉल जैसी आधुनिक खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं विकसित एवं संचालित की जाएंगी। साथ ही वर्तमान अधोसंरचना का व्यापक आधुनिकीकरण एवं नवीनीकरण भी किया जाएगा। वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि यह परियोजना रायपुर को एक नए प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे राज्य में निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा गुणवत्तापूर्ण शहरी अधोसंरचना विकास को



नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्वींस क्लब ऑफ इंडिया की विशेष आवास योजना के अंतर्गत सांसद एवं विधायक वर्ग के 108 सदस्यों की विशेष सदस्यता पूर्ववत जारी रहेगी। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान वर्तमान सदस्यों के हितों एवं सुविधाओं का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष श्री अनुराग सिंह देव ने बताया कि परियोजना को लाइसेंस, डेवलप, ऑपरेट एवं ट्रांसफर मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा।

प्रस्तावित योजना के अनुसार क्लब की मौजूदा सुविधाओं का बेहतर संचालन एवं प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा तथा टेनिस कोर्ट क्षेत्र के रिक्त भूभाग पर लगभग 61 कमरों वाले आधुनिक आवासीय एवं हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परियोजना में लगभग 25 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इससे अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास होने के साथ-साथ दीर्घकालिक राजस्व सृजन, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। परियोजना की लाइसेंस अवधि 20 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें अतिरिक्त 10 वर्ष तक विस्तार का प्रावधान रहेगा। श्री देव ने कहा कि शहर के प्रमुख क्षेत्रों से उत्कृष्ट सड़क संपर्क एवं बेहतर कनेक्टिविटी के कारण यह परियोजना निवेशकों और उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इसके माध्यम से राजधानी में उच्चस्तरीय आतिथ्य, खेल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का नया केंद्र विकसित होगा।

# कुटुंब परम्परा ने समाज और राष्ट्र का निर्माण किया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राष्ट्र निर्माण में कुटुंब प्रबंधन समाज की सबसे छोटी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। एक सुसंस्कृत, संगठित और जिम्मेदार परिवार ही आदर्श नागरिकों, नैतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता की नींव रखता है, जिससे अंततः एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण होता है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित राष्ट्र निर्माण में कुटुंब प्रबंधन की भूमिका विषय पर आयोजित परिवार संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि समूह द्वारा भारतमाता एवं भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के सदस्यों का मातृभूमि शिक्षा मंदिर के सदस्यों ने वैदिक विधि विधान से स्वागत किया।



परिवार संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा वास्तव में परिवार एक सार्वभौमिक और स्थायी संस्था है जिसे भारतीय संस्कृति ने अपने मूल स्वभाव से पल्लवित पुष्पित किया है। यह कोई भौतिक स्वरूप मात्र नहीं है। भारत ही नहीं संपूर्ण विश्व में इसी कुटुंब परम्परा ने समाज और राष्ट्र का निर्माण किया है। इसी का विस्तार ही विश्व परिवार है। आज इसी शाश्वत सत्य को व्यक्ति एवं समाज को समझने की आवश्यकता है। इस सनातनता को परिपुष्ट करना, अपने स्वरुप की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। भारत की यह अमूल्य धरोहर ही भारत को विश्वगुरु का पद प्रदान करेगी। भारतीय सभ्यता का मूल आधार कुटुंब रहा है। यहाँ कुटुंब केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि संस्कारों एवं मूल्यों की प्रयोगशाला और पाठशाला है।

**आत्मनिर्भर**

**सामाजिक समरसता की नींव रखता है, जिससे अंतत: एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण होता है**

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली इकाई के वरिष्ठ सदस्य ने समाजसेवी बृजेश सिंह ने कहा परिवार ही बच्चे की प्रथम पाठशाला है यहाँ उसे सहयोग, प्रेम, अनुशासन, और बड़ों के प्रति सम्मान जैसे नैतिक मूल्य सिखाए जाते हैं।

कार्यक्रम की अतिविशिष्ट अतिथि मातृभूमि सेवा मिशन रायबरेली मातृशक्ति इकाई की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती बिमला सिंह ने मातृभूमि सेवा मिशन के सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा जब एक परिवार में देशभक्ति, सत्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व के संस्कार दिए जाते हैं, तो वे बड़े होकर एक आदर्श नागरिक के रूप में राष्ट्र की प्रगति में योगदान देते हैं।

परिवार संवाद कार्यक्रम को अजीत प्रताप सिंह, उपदेश सिंह चौहान, अभिनव विक्रम सिंह, कुलदीप, सौम्या एवं प्रियंका ने बतौर अतिविशिष्ट अतिथि संबोधित करते कुटुंब प्रबंध पर की आवश्यकता के बारे में बताया मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने बहुत ही मार्मिक देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी अतिथियों को मातृभूमि सेवा मिशन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में वैष्णवी दिनेश यादव, सुरेंद्र सिंह, अमर यादव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ से हुआ।

## युवाओं से की अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील



**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से 4 जून (आज) क्लब हाउस, जिंदल ग्लोबल सिटी सेक्टर-29, कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले नवीन अवसर अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव को लेकर सांसद नवीन जिंदल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह रादौर पहुंचे। उन्होंने कार्यकताओं के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की और युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। धर्मवीर सिंह ने कहा कि यह रोजगार महोत्सव क्षेत्र के युवाओं को देश और विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सांसद नवीन जिंदल के मार्गदर्शन और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के विजन के अनुरूप किया जा रहा है। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन रादौर के प्रधान परमजीत खेड़की ने रोजगार महोत्सव के आयोजन के लिए सांसद नवीन जिंदल का आभार व्यक्त किया।

**न्यूज फ्लैश**

## वैश्य समाज ने इनेलो जिलाध्यक्ष की जातिसूचक टिप्पणी की निंदा की, 7 दिन में मांगी माफी

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**यमुनानगर।** अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष आशीष मित्तल ने इनेलो के रोहतक जिलाध्यक्ष नफे सिंह लाहली द्वारा रोहतक के उपायुक्त के संदर्भ में की गई कथित जातिसूचक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के प्रति अपमानजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक मयार्दाओं और संविधान की भावना के खिलाफ है।

आशीष मित्तल ने कहा कि किसी व्यक्ति या अधिकारी से व्यक्तिगत मतभेद हो सकते हैं, लेकिन पूरे समाज को उसकी जाति के आधार पर विवाद में घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय लोगों को अपनी भाषा और आचरण में संयम बरतना चाहिए।

उन्होंने इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला की मौजूदगी में हुए इस घटनाक्रम पर पार्टी से संज्ञान लेने और संबंधित जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। मित्तल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी को उसकी जाति से जोड़कर संबोधित करना न केवल उस अधिकारी बल्कि पूरे वैश्य समाज का अपमान है।

आशीष मित्तल ने नफे सिंह लाहली से सार्वजनिक रूप से खेद व्यक्त करने और वैश्य समाज से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि सार्वजनिक मंच से समाज का अपमान किया गया है तो उसी मंच से क्षमा भी मांगी जानी चाहिए। उन्होंने 7 दिन के भीतर माफी न मांगने की स्थिति में प्रदेशभर के वैश्य समाज द्वारा इनेलो के रोहतक जिला कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन तथा पार्टी के बहिष्कार को लेकर जनअभियान चलाने की चेतावनी दी। प्रदेश सहसचिव पंकज मित्तल ने भी इस टिप्पणी का विरोध करते हुए कहा कि लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन किसी समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाने का अधिकार किसी को नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की टिप्पणियां सामाजिक सद्भाव को कमजोर करती हैं और समाज में वैमनस्य पैदा करती हैं। उन्होंने इनेलो नेतृत्व से पूरे प्रकरण पर खेद जताने तथा संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की।

## कर्मचारियों ने बैठक कर की जॉब सिक्योरिटी व नियुक्ति पत्र जारी करने की मांग



**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** शहीद उधम सिंह काम्बोज धर्मशाला में हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ (भारतीय मजदूर संघ संबद्ध) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रवि संधाली ने की। इस दौरान कर्मचारियों ने विभाग में जॉब सिक्योरिटी लागू करने और नियुक्ति पत्र शीघ्र जारी करने की मांग उठाई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यदि 15 जून तक जॉब सिक्योरिटी संबंधी नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए तो संघ आगे की रणनीति तय करेगा। रवि संधाली ने कहा कि लंबे समय से जॉब सिक्योरिटी का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। संघ पदाधिकारियों ने सरकार और विभागीय अधिकारियों से मांग की कि पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को जल्द से जल्द जॉब सिक्योरिटी का लाभ देते हुए नियुक्ति पत्र जारी किए जाएं। बैठक में संजीव, विनोद, जयकुमार, संदीप अलीपुरा, राजकुमार, गुरमुख, संदीप ठसका खादर, गोपाल राणा, भीम राणा, प्रदीप सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आधुनिक तकनीकों तथा टूल्स के सही प्रयोगह विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा अनुभाग द्वारा आधुनिक तकनीकों तथा टूल्स के सही प्रयोग विषय पर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीनतम डिजिटल तकनीकों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित उपकरणों तथा विभिन्न कार्यालयी टूल्स के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था, ताकि प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में दक्षता, पारदर्शिता और गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। कार्यशाला में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के जनसंपर्क अधिकारी एवं राजभाषा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. राजेश चौहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में कहा कि वर्तमान युग तकनीक और नवाचार का युग है, जहां प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हिंदी में कार्य निष्पादन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों का समुचित उपयोग आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी तकनीक-संचालित शिक्षा और प्रशासन पर विशेष बल देती है।

## जहां से कुरुक्षेत्र बाईपास निकलेगा, उन 29 गांवों भूमि की खरीद-बिक्री पर लगाई रोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र बाईपास की मंजूरी के बाद अब संबंधित गांवों की भूमि अधिग्रहण के कार्य को जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस कार्यवाही को ध्यान में रखते हुए पिहोवा, थानेसर की तहसील में संबंधित गांवों की भूमि की खरीद, बिक्री दस्तावेजों के पंजीकरण करने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाती है। इस बारे में संबंधित एसडीएम, डीआरओ, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को आदेश दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि भूमि के मुआवजे या पुरस्कार का उचित निर्धारण हो, सट्टेबाजी के लेन-देन, भूमि की कीमतों में कृत्रिम वृद्धि को रोका जा सके।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि बाईपास के निर्माण में थानेसर तहसील के गांव ईदबडी, ज्योतिसर, बारवा, कैंथला खुर्द, किरमच, सुनेहड़ी, ईशाकपुर, सलारपुर, अमीन, खासपुर, जिरबड़ी, उमरी, शादीपुर लाडवा, किशनगढ़, दौलतपुर, मथाना, बीड़ सौंटी, मिजार्पुर, समसपुर, फत्तुपुर, समानी, बोढी, कडामी, मुनियारपुर गांव शामिल हैं। इसी तरफ पिहोवा तहसील के गांव मुर्तजापुर, बोर सैंदा, गढ़ी रोडान, लोहार माजरा, खानपुर रोडान शामिल है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के रजिस्ट्रार-सह-कलेक्टर के रूप में अधोहस्ताक्षरी को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तहसील थानेसर और तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र के बाईपास में आने वाले गांवों में बिक्री एवं खरीद दस्तावेजों के पंजीकरण पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेशों तक रोक रहेगी। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र बाईपास शहर के हर नागरिक का एक ड्रीम प्रोजेक्ट था। इस बाइपास के लिए जल्द ही अब भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू होगा। यह बाईपास गांव इंदबडी, अमीन, किरमच, मथाना के आसपास से निकलेगा। इस बाईपास की लंबाई 27.9 किलोमीटर होगी।

## गुरनाम सिंह सैनी ने अपनी नियुक्ति पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा भूमि सुधार निगम के नवनियुक्त चेयरमैन गुरनाम सैनी ने अपनी नियुक्ति पर चंडीगढ़ जाकर मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सरकार की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाने का काम करेंगे। चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात के दौरान गुरनाम सैनी ने मुख्यमंत्री को शॉल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चेयरमैन गुरनाम सैनी को बधाई दी और कहा कि वे किसानों के बीच जाकर किसानों के हित के लिए काम करें और किसानों की जो भी समस्याएं और उनकी दिक्कतें हैं, उनका समाधान करने के लिए सरकार के समक्ष रखें। नवनियुक्त चेयरमैन गुरनाम सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उनकी इस पद पर नियुक्ति कर पूरे समाज का मान बढ़ाने का काम किया है। वे इस मान को कभी ठेस नहीं पहुंचाएंगे, बल्कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से वे प्रदेश सरकार की नीतियों और मुख्यमंत्री द्वारा किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।



## डालनवास में नशामुक्त जागरुकता रैली आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** जिला प्रशासन और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अन्त्योदय सेवा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गांव डालनवास में रात्रि ठहराव कार्यक्रम से पहले नशा मुक्त भारत अभियान एवं नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह आयोजन उपायुक्त अनुपमा अंजली के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। रैली के दौरान पूरा गांव योग युक्त-नशा मुक्त, नशा बर्बादी की जड़ है।

## सांसद जिन्दल के विजन अनुसार आयोजित हो रहा अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सवः डॉ. मनीष



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव के भव्य आयोजन की समीक्षा बैठक के बाद जानकारी देते हुए नवीन जिन्दल फाउंडेशन के स्किल डेवलपमेंट विभाग के उपाध्यक्ष एवं प्रमुख डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा 4 जून को जिन्दल ग्लोबल सिटी, सेक्टर-29, कुरुक्षेत्र स्थित क्लब हाउस में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय रोजगार महोत्सव-नवीन अवसर-नई दिशाएं कार्यक्रम में समाज, शिक्षा, अध्यात्म, राजनीति और कौशल विकास जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता होंगी, जबकि हरियाणा विधानसभा की सदस्य, पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रसिद्ध समाजसेवी सावित्री जिन्दल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, सरदार जगविन्द्र सिंह विर्क विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल करेंगे, जिन्होंने युवाओं को रोजगार, कौशल विकास और अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से इस अभिनव पहल की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आध्यात्मिक जगत की विभूतियां परम पूज्य ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज, अध्यक्ष, सेठ नवरंग राय लोहिया जयराम गर्ल्स कॉलेज तथा परम पूज्य डॉ. स्वामी शाश्वतानंद गिरि जी महाराज, निरंजनी अखाड़ा भी अपने आशीर्वचन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ भी भाग लेंगे।

**महोत्सव**

**शिक्षा, अध्यात्म, राजनीति और कौशल विकास जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां शिरकत करेंगी**

## वाहन पार्ट चोरी मामलें में 1 नाबालिग सहित 3 काबू

**पंचकूला/कालका/ पूनम देवी :-** पंचकुला पुलिस ने वाहन इंजन के महंगे पार्ट चोरी करने के मामलें में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है। मामले में एक नाबालिग की भूमिका भी सामने आई है, जिसकी संबंधित अधिनियम के प्रावधानों के तहत जांच की गई है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से रिमांड के दौरान अन्य चोरी की वारदातों को लेकर भी गहन पूछताछ कर रही है।



जानकारी के अनुसार कालका निवासी युवक द्वारा कालका थाना में शिकायत दर्ज करवाई गई कि उनकी वाहन मरम्मत की दुकान कालका क्षेत्र में स्थित है। शिकायतकर्ता के अनुसार एक वाहन के इंजन की मरम्मत के दौरान उसके इंजन के महत्वपूर्ण पार्ट वाहन के अंदर रखे गए थे। अगले दिन सुबह वाहन का पिछला शीशा टूटा हुआ मिला तथा उसमें रखे इंजन के महंगे उपकरण जैसे पिस्टन, एसी कम्प्रेसर, अल्टरनेटर, कैटेलिटिक कनवर्टर, सेल्फ स्टार्टर, टाइमिंग कवर, इंजेक्टर सहित अन्य सामान चोरी पाया गया। शिकायत के आधार पर थाना कालका में 02 जून को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर एएसआई प्रवीन कुमार द्वारा जांच शुरू की गई। जांच के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी कृष्ण तथा राजेश को कागूवाल हाईवे, शिमला हाईवे क्षेत्र से काबू किया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए एक अन्य नाबालिग साथी का नाम भी उजागर किया। आरोपियों ने चोरीशुदा इंजन के लोहे के पार्ट टिपरा-कालका सड़क किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए।

डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ताः गिरफ्तार किए गए 2 आरोपियों को आज अदालत में पेश कर 1 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है ताकि उनसे जिला में पूर्व में हुई अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी गहन पूछताछ की जा सके।

## बालक के विकास में सबसे श्रेष्ठ कार्य ब्रह्मचर्य का पालन करना: विजय नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे हरियाणा प्रांत के आचार्य विकास एवं पुनश्चर्या वर्ग के प्रथम दिवस पर दिशा बोध सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक सिंगला, इसी विद्यालय के पूर्व छात्र वर्तमान में महान व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ ही गणमान्य व्यक्ति दिलाराम चौहान, आदरणीय विजय नड्डा विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



सर्वप्रथम मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य जनों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सभागार में उपस्थित सभी के द्वारा सरस्वती वंदना का सामूहिक गान किया गया। आज के इस सत्र में मुख्य वक्ता विजय जी नड्डा के द्वारा 'भारतीय शिक्षा दर्शन' पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि मानव शरीर पंच तत्व से मिलकर बना है। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश इन पंच तत्वों से मिलकर बना यह मानव शरीर जिसमें सर्वस्व विद्यमान है जिसको माध्यम के द्वारा विकसित किया जा सकता है। भारतीय शिक्षा दर्शन में एक बालक के इन्हीं गुणों को विकसित करने पर विस्तृत रूप से बताया गया है। उन्होंने बताया कि एक आचार्य को बालक के विकास के लिए अनेकों अनुमान लगाने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि मानव के विकास में सबसे मूलभूत रूप एकाग्रता का है।

## अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। एसपी दीपक के कुशल मार्गदर्शन और कड़े निदेशों के अनुपालन में कार्रवाई करते हुए जिले की पुलिस टीमों ने दो अलग-अलग थानों के अंतर्गत मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से कुल आठ पेटी (96 बोतलें) अवैध अंग्रेजी शराब और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक गाड़ी को जब्त किया है।

## भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में 4 जून को जिला सचिवालयों पर प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जाएगा

**नितिन सिंगला जगाधरी**

आज हरियाणा के विभिन्न किसान, मजदूर, छात्र, युवा, महिला एवं सामाजिक संगठनों की एक संयुक्तऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें भारत-अमेरिका प्रस्तावित फ्री ट्रेड डील (ऋळअ) पर विस्तार से चर्चा की गई।मीटिंग में भारतीय किसान यूनियन चढूनी, पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा, भारतीय किसान यूनियन अंबावता, संयुक्त जल संघर्ष समिति बालसमंद, भारतीय किसान संघर्ष समिति, भारतीय किसान यूनियन सोनू मालपुरिया , भारतीय किसान यूनियन रवि आजाद,



किसान संघर्ष समिति मेवात, ग्राम स्वराज मोर्चा, ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा,सयुंक्त किसान संघर्ष समिति, बालसमन्द तहसील, सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष छिकारा,किसान नेता जसबीर भाटी, रमेश पंघाल सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में उपस्थित सभी संगठनों ने एकमत से यह राय व्यक्त की कि भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील देश के किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों, युवाओं एवं आम जनता के हितों के खिलाफ है। इस प्रकार के समझौते से देश की कृषि, रोजगार एवं आत्मनिर्भरता पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 4 जून को प्रातः 10:00 बजे हरियाणा के सभी जिला मुख्यालयों/जिला सचिवालयों पर भारत-अमेरिका फ्री ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा और अमेरिकी सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

# आबाद्कार पट्टेदारों को उनकी जमीनों का मालिकाना हक मिलना शुरू

## गुहला हलका के गांव भूना मे प्यारा राम बना पौने 2 एकड़ जमीन मालिक

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** हरियाणा सरकार द्वारा आबाद्कार पट्टेदारों को पंचायती कृषि भूमि, जो उन्हें पट्टे पर वार्षिक लीज पर दी जाती थी, उन जमीनों का पट्टेदारों को मालिकाना हक देना शुरू कर दिया गया है, जिसकी शुरूआत जिला कैथल से की गई है नतीजतन गुहला हलका के गांव भूना में आबाद्कार पट्टेदार प्यारा राम को उसकी पट्टे की लगभग 2 एकड़ जमीन का मालिकाना हक दे दिया गया है। मालूम रहे कि प्रशासन ने अभी पहले पट्टेदार को उसकी भूमि का मालिकाना हक देकर सरकार का पट्टेदारों को मालिकाना हक देने के वायदे को पूरा कर दिया है। इस अवसर पर सरपंच नरेंद्र कौर, होशियार ङ्क्षसह राणा, साहब ङ्क्षसह संधू, सतपाल ङ्क्षसह, दर्शन ङ्क्षसह, कृपाल हरिगढ़, कुलदीप क्वार्तन, सरपंच अमरीक ङ्क्षसह, इंद्रजीत ङ्क्षसह, लक्खा ङ्क्षसह कम्बोज नरेश मुंझाल भी मौजूद रहे।
आबाद्कार पट्टेदार संघर्ष समिति ने उपायुक्त से मुलाकात कर जताया



आभारः
इसी के साथ आज आबाद्कार पट्टेदार संघर्ष समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने उपायुक्त कैथल अपराजिता से मुलाकात कर पट्टेदारों को मालिकाना हक देने की कार्रवाई शुरू करने पर उनका आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता आबाद्कार पट्टेदार संघर्ष समिति हरियाणा के प्रधान हरपाल ङ्क्षसह ने की। उन्होंने उपायुक्त को सम्मानित भी किया और कहा कि संयुक्त पंजाब में प्रताप ङ्क्षसह कैरों के मुख्यमंत्रित्व काल में लगभग 59 साल पहले उक्त लोगों ने जंगलों को तोड़कर अपने खून पसीना बहाकर उक्त भूमि को कृषि योग्य बनाया था और बाद में हरियाणा प्रदेश के गठन से यह भूमि विभिन्न पंचायतों के अधीन आ गई और तभी से उक्त लोग लीज भर रहे थे।
**पट्टेदारों ने कुछ वर्ष पहले मालिकाना हक देने की कि थी मांगः**
आबाद्कार पट्टेदार अब लम्बे समय से उन्हें मालिकाना हक देने की मांग कर रहे थे, जिसके चलते पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व अब हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा पट्टेदारों को जमीनों का मालिकाना हक देने के लिए बिल लाकर इसे कानूनी अमलीजामा पहनाया गया। हरपाल सिंह ने कहा कि आबाद्कार पट्टेदार वर्षों पहले मालिकाना हक लेने की मांग कर रहे थे और उन्हें खुशी है कि सरकार ने उनकी पीड़ा समझी और उनकी मांग को पूरा करके उन्हें उनका हक दिया।

## न्यूज फ्लैश

### चीका शहर में सड़क पर रोड़े छोड़ न जाने कहां नदारद हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी!

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला हलका विकास की दृष्टि से तो काफी पीछे चल ही रहा है परंतु अब अधिकारियों ने भी सरेआम लापरवाही दिखानी शुरू कर दी है। लगता है उन्हें हरियाणा सरकार का कोई भय ही नहीं है। यहां पिहोवा रोड़ पर पैच वर्क करने आए पीडब्ल्यूडी अधिकारी बचे हुए रोड़े को सड़क के ऊपर ही छोड़कर न जाने कहां नदारद हो गए हैं। आसपास के लोगों राजेश कुमार, सुरेश कुमार, ध्यान चंद, रूलदू राम, प्यारा लाल, सोनी व निर्मल आदि ने बताया कि सड़क पर लगभग पिछले एक माह से रोड़ों का एक ढेर पड़ा हुआ है। लोगों ने बताया कि सड़क एक महीना पहले अधिकारी यहां पैच वर्क करने आए थे परंतु बचे हुए रोड़ों को छोड़कर चले गए और दोबारा भी उन्हें कोई भी उठाने नहीं आया। लोगों ने बताया कि रोड़े सड़क पर बिखर गए हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी दिक्कत आ रही है क्योंकि कुछ रोड़े उछलकर उनके वाहनों पर जा लगते हैं और वाहनों के शीशे टूट जाते हैं। रोड़ों की वजह से दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। लोगों ने मांग की है कि सड़क पर पड़े रोड़ों को जल्द उठाया जाए, ताकि रोड़ों की वजह से कोई हादसा न हो सके।



**क्या कहना है एसडीओ का:**
इस सम्बन्ध में जब पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ राम मेहर से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके नोटिस में नहीं है और न ही किसी ने उन्हें लिखित या मौखिक रूप से कोई शिकायत ही की है परंतु फिर भी वे जेई को कहकर वहां से रोड़े उठवाकर सुरक्षित जगह गिरवा देंगे।

### कार्यालयों में नागरिक सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें: एसडीएम संदीप कुमार



**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 03 जून।** एसडीएम संदीप कुमार ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित विभिन्न विभागीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर साफ-सफाई, कार्यप्रणाली एवं आमजन को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में बिना किसी परेशानी के सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।
निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने पेपरलेस रजिस्ट्रेशन, जमाबंदी, प्रतीक्षा कक्ष, बैठने की व्यवस्था, सूचना पट्ट, साफ-सफाई तथा कर्मचारियों की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार किया जाए। समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से मौके पर ही करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और सरल केंद्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद एसडीएम संदीप कुमार ने मुख्य बाजार का दौरा कर प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधियों और आम जनता की साझी भागीदारी से ही तोशाम को जाम मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने चौधरी सुरेंद्र सिंह चौक से चौधरी बंसीलाल चौक तक मुख्य सड़क पर लगी रेहड़ियों को हटवाया तथा इस मार्ग को रोल मॉडल के रूप में विकसित करने की बात कही।

# स. करम सिंह ग्रेवाल पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**प्रमोद भार्गव।**
**गुहला चीका।** स. करम सिंह ग्रेवाल पब्लिक स्कूल में पांच दिवसीय इन-हाउस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन रणजीत सिंह ग्रेवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षण विधियों, आधुनिक शिक्षा के दृष्टिकोण और विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को ओर अधिक सक्षम बनाना था। उन्होंने बताया कि गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने नए विचार सीखे और यह समझा कि कक्षा शिक्षण को विद्यार्थियों के लिए अधिक रुचिकर, रचनात्मक और प्रभावशाली कैसे बनाया जा सकता है। रिसोर्स पर्सन्स ने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, रचनात्मक सोच, मूल्य आधारित शिक्षा तथा अनुभवात्मक अधिगम के महत्व पर विशेष बल दिया। प्रशिक्षण के दौरान नई शिक्षा नीति, थ्योरी ऑफ नॉलेज, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण, शिक्षण में कहानी-कथन तथा कला एकीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने

**सक्षम**
विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को ओर अधिक सक्षम बनाना था

शिक्षकों को विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक और सहयोगात्मक सीखने का वातावरण तैयार करने के लिए प्रेरित किया। विभिन्न सत्रों को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां, समूह चर्चाएं, प्रस्तुतियां और सहभागितापूर्ण कार्य करवाए गए। सभी शिक्षकों ने पूरे उत्साह, ऊर्जा और सीखने की इच्छा के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जसबीर कौर ने दोनों रिसोर्स पर्सन्स का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय देकर विद्यालय के शिक्षकों को बहुत उपयोगी और प्रेरणादायक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिक्षकों के व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और विद्यालय में शिक्षा की

# गीता परिवार, पानीपत के घर घर अभियान हेतु दो नवीन बाल संस्कार केंद्रों का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
उत्तरांचल प्रभारी गीता परिवार मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में चल रहे घर -घर अभियान हेतु चार दिवसीय बाल संस्कार केंद्रों का शुभारंभ दो अलग-अलग केंद्रों से किया गया। अंसल सुशांत सिटी पानीपत में चल रहे बाल संस्कार केंद्र का नेतृत्व जिला प्रभारीश्रीमती ममता वर्मा तथा द्वितीय केंद्र एल्डेको पानीपत में चल रहे बाल संस्कार केंद्र का नेतृत्व गीता सेवी सोनू रानी ने किया।
अभियान के अंतर्गत गीता सेवियो ने घर-घर जाकर अभिभावकों एवं बच्चों से संपर्क किया तथा उन्हें बाल संस्कार शिविर के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को केंद्रों से जोड़कर उनमें नैतिक मूल्यों, भारतीय संस्कृति, अनुशासन, सेवा भावना



एवं चरित्र निर्माण के संस्कार विकसित करने का संदेश दिया। बाल संस्कार केंद्रों का शुभारंभ प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। गीता सेवियों के द्वारा बाल संस्कार केंद्र में गीता परिवार के उद्देश्यों व पंच सूत्री कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बाल संस्कार केंद्र में बच्चों को सूर्य नमस्कार, योग व? ध्यान के महत्व को बताते हुए जीवन में धारण करने पर जोर दिया गया। गीता के 12 वें अध्याय के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण के साथ गायन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।
इस अवसर पर जिला प्रभारी गीता परिवार ममता वर्मा एवं गीता सेवी सोनू रानी ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है। बाल संस्कार केन्द्र बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आज के इस केंद्र में अंसल पानीपत से 15 बच्चों ने एवं एल्डेको पानीपत से 40 बच्चों ने भाग लिया, बच्चों का

**आह्वान**
सक्रिय सहयोग देने एवं अधिक से अधिक बच्चों को बाल संस्कार शिविर से जोड़ने का आह्वान किया

उत्साह देखकर गीता परिवार पानीपत भी उत्साह और उमंग से भर गया। अभियान के दौरान अनेक परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहयोग का आश्वासन दिया तथा अपने बच्चों को शिविर में भेजा। गीता परिवार पानीपत ने सभी अभिभावकों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग देने एवं अधिक से अधिक बच्चों को बाल संस्कार शिविर से जोड़ने का आह्वान किया। आज के केंद्र का समापन प्रार्थना एवं बाल घोषणाओं के साथ हुआ।

### चीका में 5 जून से लगेगा तीन दिवसीय मोटापा रोग निवारण योग शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** भारतीय योग संस्थान चीका की ओर से स्थानीय खाटू श्याम पार्क में 5 जून से तीन दिवसीय निःशुल्क मोटापा रोग निवारण योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार योग साधकों का आह्वान किया गया है।

# बच्चों को मातृ भाषा एवं नैतिक शिक्षा का ज्ञान देने के लिए समर कैंप की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 3 जून** :गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को नैतिक शिक्षा एवं मातृ भाषा पंजाबी से जोड़ने के लिए सिख मिशन हरियाणा कुरूक्षेत्र (एसजीपीसी) एवं गुरूद्वारा विश्वकर्मा साहिब प्रबंधक कमेटी के सदस्य सहयोग से समर कैंप की शुरूआत की गई जो कि 10 जून तक चलेगा। इस कैंप में प्रचारक एवं अध्यापकों द्वारा सेवाओं दी जा रही है। वहीं कैंप बारे जानकारी देते हुए समाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि हर वर्ष गर्मी की छुट्टियों में बच्चों सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए समर कैंप



का आयोजन किया जाता है। इस कैंप में बच्चों को मातृभाषा से जोड़ने के लिए पंजाबी सिखलाई जहां दी जा रही है वही भाषा को कैलीग्राफी में कैसे लिखा जाए इसकी जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस कैंप में प्रचारक गुरसेवक सिंह के अलावा अध्यापक मीना अरोड़ा, कंचन रानी सहित द्वारा सेवाएं दी जा रही है और बच्चों को भिन्न भिन्न गतिविधियां करवाई जा रही है और ताकि बच्चे पढ़ाई के अलावा अन्य बौद्धिक कार्यों से आगे बढ़ सके। इस निःशुल्क समर कैंप में शामिल होने के लिए किसी प्रकार की आयु सीमा नहीं रखी गई है और भाग लेने वाले बच्चों का कैंप के अंतिम दिन सम्मान भी किया जाएगा।

# सरोला साइफन पर पहुंचे जेसीबी व डम्फर

**प्रमोद भार्गव।**
**गुहला चीका।** हरियाणा पंजाब सीमा पर स्थित सरोला घग्गर नदी के मिट्टी के अटे पड़े साइफनों का मुद्दा उठने के बाद अब प्रशासन नींद से जागा है नतीजतन साइफनों को साफ करने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा आज जेसीबी मशीनों एवं डम्फर लगाकर मिट्टी उठान का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए सिंचाई विभाग के एसडीओ अजमेर ङ्क्षसह ने बताया कि बरसात का मौसम शुरू होने से पूर्व हर वर्ष जून के महीने में साइफनों की सफाई की जाती है, ताकि घग्गर नदी के आसपास स्थित गांवों के लोगों को बाढ़ से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि जल्द ही सभी साइफनों की सफाई कर दी जाएगी और बरसात होने पर नदी के बीच से बरसाती पानी आसानी से निकल



जाएगा। घग्गर नदी के साइफन की सफाई शुरू होने की सूचना मिलते ही दर्जनों किसान मौके पर पहुंच गए खुशी का इजहार किया। किसान गुरमीत सिंह, हरदीप सिंह भूंसला, कुलवंत सिंह जोसन, जसविंदर सिंह भूंसला, पूर्व सरपंच प्रदीप सिंह मंझेड़ी, दलबीर सिंह मैंगडां, सुरिंदर मंझेड़ी, दलबीर मंझेड़ी व कुलवंत सिंह नड्डा व पूर्व सरपंच प्रदीप सिंह ने कहा कि अगर 15 दिन में साइफन साफ हो गया, तो अजीतनगर, भूंसला, मंझेड़ी, मैंगडां, अरनौली, रत्ताखेड़ा सहित करीब दो दर्जन गांवों को बाढ़ से निजात मिल जाएगी। किसानों ने कहा कि बाढ़ से हर साल हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है परंतु अब बाढ़ का डर खत्म होगा। गौरतलब है कि सोमवार को किसानों ने आरोप लगाया था कि पुल के नीचे मिट्टी के ढेर और बंद साइफनों के कारण पानी निकासी रुक गई है। इससे मानसून में पूरे घग्गर पार क्षेत्र में तबाही का खतरा था नतीजतन किसानों ने रोष प्रदर्शन कर अपनी बात सरकार व प्रशासन तक पहुंचाई थी।

# शहर को गंदगी से मुक्त कर सुंदर व स्वच्छ बनाने में आमजन का सहयोग जरूरीः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**भिवानी, 03 जून।**
डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की बिजली, पेयजल व सीवरेज आदि समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह से गंभीर है। शहर को गंदगी से मुक्त बनाने में आमजन का सहयोग जरूरी है। शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सामाजिक संस्थाओं और प्रबुद्धजनों को जिला प्रशासन के साथ आना होगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सडकों के किनारे या गलियों में इधर-उधर कचरा ना डालें।
डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय द्वारा शहर में अनेक स्थानों को कचरा मुक्त बनाकर उनका सौंदर्यकरण किया गया था, लेकिन लोगों द्वारा वहीं या



उस स्थान के आसपास स्थान पर कचरा डालना सही नही है। शहर को गंदगी से मुक्त बनाने में लोगों को जिला प्रशासन के साथ आना होगा। उन्होंने बताया कि गंदगी से संबंधित शिकायत देने के लिए शहरी स्थानीय निकाय द्वारा बाकायदा नंबर जारी किए गए हैं। नागरिक 18002031371, 8053609453 और 8053609445 पर सफाई व्यवस्था से संबंधित शिकायत दे सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे लोगों को गलियों या सडकों पर अतिक्रमण ना करें। प्रशासन द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाता है। डीसी ने कहा कि सिंचाई विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि वे नहरों से जलघर तक पूरा पानी पहुंचे। बीच में कहीं भी पानी की बबार्दी ना हो, नालों या पाईप लाइन की सफाई दुरूस्त हो और पानी की कहीं चोरी ना हो। वहीं दूसरी ओर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को भी समुचित पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए जा चुके हैं।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राश 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जिला में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**प्रशिक्षण**

- कुल 1258 अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिला के सभी ब्लॉकों (करनाल, घरौंडा, असंध, मुनक, निसिंग, नीलोखेड़ी, इंद्री तथा कुंजपुरा) में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य हर घर योग, घर-घर योग, फिट हरियाणा, हरित योग, योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण देना है।

योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि इसी कड़ी में आज स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा एवं नोडल अधिकारी डा. दिनकर की देखरेख में जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा उपमंडल स्वास्थ्य केंद्रों में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए गए। इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग के कुल 1258 अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि बाल भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 1 जून से 21 जून तक बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला बाल कल्याण अधिकारी मंजू चौधरी की देखरेख में चल रहे इस शिविर में आयुष विभाग की योग इंस्ट्रक्टर कुमारी गुंजन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज कुल 155 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 40 लडके और 115 लड़कियां शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि जिला कारागार करनाल में 1 जून से 21 जून तक विशेष योग शिविर चलाया जा रहा है। आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज की देखरेख में योग इंस्ट्रक्टर मुन्ना कुमार तथा कांता द्वारा कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया जा रहा है। आज इस शिविर में लगभग 496 कैदियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ के मार्गदर्शन तथा डीएसपी सुरेंद्र, डीएसपी धर्मचंद नैन और डीएसपी नीलम की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में कैदियों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत मंत्रोच्चार से हुई, जिसके बाद सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, तथा पेट व पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। इसके बाद प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का सत्र हुआ।

इस दौरान बताया गया कि मन को एकाग्र करने का सबसे उत्तम साधन ध्यान है, जो अष्टांग योग का 7वां अंग है और इसके बाद की सीढ़ी मोक्ष है, जो मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है। मन को शांत व संतुलित रखने के लिए प्रतिदिन 10 मिनट नाड़ी शोधन प्राणायाम करने की सलाह दी गई।

# स्थानीय देवी मंदिर हॉल में आयोजित की गई भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक

**बैठक**

- जिसमें शाहाबाद प्रभारी एवं पानीपत के विधायक प्रमोद विज ने मुख्य रूप से शिरकत की



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद (प्रदीप कुमार)** जिसमें शाहाबाद प्रभारी एवं पानीपत के विधायक प्रमोद विज ने मुख्य रूप से शिरकत की। बैठक में संगठन की मजबूती, केंद्र सरकार की उपलब्धियों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई।इस अवसर पर शाहाबाद से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुभाष कलसाना ने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की चिंता करता है। उन्होंने हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की प्रबंध समिति (मैनेजिंग कमेटी) में सरकार का प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

कलसाना ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार के बावजूद उन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और लगातार लोगों की आवाज बुलंद करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और जनहित के मुद्दे उठाने का ही उन्हें यह सम्मान मिला है।

पानीपत विधायक एवम शाहबाद प्रभारी प्रमोद विज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने, आयुष्मान भारत योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया है। इन योजनाओं का लाभ देश के करोड़ों लोगों को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों की सराहना देशभर में हो रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है, जबकि केंद्र सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है।

महंगाई के मुद्दे पर प्रमोद विज ने कहा कि पूरी दुनिया तेल संकट से प्रभावित है और वैश्विक अर्थव्यवस्था काफी हद तक तेल पर निर्भर करती है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को इस संकट से बचाने का प्रयास किया गया है।

# जीवन विकास सेवा समिति की ओर से हर बार की तरह निशुल्क 298 वा नेत्र जांच शिविर



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
स्थानीय नरसिंह सदन गुलाटी रोड समालखा में प्रातः 9:00 बजे से 2:00 बजे तक लगाया गया। इसमें नेत्र जांच विशेषज्ञ , हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा रोगों की जांच की गई ।जांच के दौरान निशुल्क दवाइयां भी दी गई।

अर्पणा अस्पताल मधुबन से आए डॉक्टर यतिक कुमार ने आंखों के 160 मरीजों की जांच की। सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी दी गई। इनमें 10 मरीजों को ऑपरेशन के लिए अर्पणा हॉस्पिटल मधुबन ले जाया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्ट प्रवेश चौधरी व उनकी सहयोगी रिया ने लगभग 30 मरीजों की जांच की । इसी के साथ 10 मरीजों की ई सी जी भी की गई।

शिविर में जांच के लिए समालखा, पानीपत , दिल्ली, सोनीपत व आसपास के कई गांवों के मरीज आए।

शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए श्रीमती इंदिरा खुराना, पुष्पा धीमान, नीरू तनेजा, प्रभात चावला, राकेश, सुरेंद्र शर्मा, अविनाश शर्मा, इंद्र कुमार, रमेश फौजी ने अपनी सेवाएं दी।

हर्ष के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि अगले महीने से 3 जुलाई को यह शिविर निजी नवनिर्मित अस्पताल में लगाया जाएगा। जो कि ऑफिसर कॉलोनी, लाल गोदाम के सामने वाली गली में बनाया गया है।

# मजदूरी पर गया युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** क्षेत्र के गांव टोपरा कलां निवासी 35 वर्षीय एक युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर रादौर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव टोपरा कलां निवासी बिंदर ने बताया कि उसका बड़ा भाई 31 मई की सुबह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव धामूपुरा में मजदूरी के लिए जाने की बात कहकर घर से निकला था। कुछ समय बाद जब परिजनों ने उसके मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो फोन बंद मिला। इसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारों और संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेएमआईटी व जेएमआईईटीआई में प्लेसमेंट ओरिएंटेड वर्कशॉप आयोजित



**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** जेएमआईटी व जेएमआईईटीआई में विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय टीसीएस/प्लेसमेंट ओरिएंटेड प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें कंप्यूटर साइंस, आईटी और एआईएमएल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। वर्कशॉप का संचालन कोडरॉइडहब प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर देवाशीष ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को टीसीएस सहित प्रमुख आईटी कंपनियों की भर्ती प्रक्रिया, कोडिंग राउंड, तकनीकी इंटरव्यू तथा प्लेसमेंट की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

कार्यक्रम के दौरान डेटा स्ट्रक्चर एंड एल्गोरिद्म (डीएसए), लीटकोड आधारित प्रॉब्लम सॉल्विंग, कोडिंग स्किल्स और तकनीकी इंटरव्यू की तैयारी पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

समापन अवसर पर जेएमआईटी के निदेशक डॉ. एस.के. गर्ग और जेएमआईईटीआई के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में बेहतर प्लेसमेंट के लिए तकनीकी दक्षता और समस्या समाधान क्षमता बेहद जरूरी है।

## न्यूज फ्लैश

### विद्यालय से सोलर पैनल की आठ बैटरियां चोरी, मामला दर्ज

**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** गांव जुब्बल स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में चोरी का मामला सामने आया है। स्कूल परिसर में रखी सोलर पैनल की आठ बैटरियां अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विद्यालय के प्रभारी चेतन अरोड़ा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि स्कूल के पार्ट-टाइम कर्मचारी ने फोन पर सूचना दी कि विद्यालय के मुख्य द्वार और एक कमरे का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचकर जांच करने पर पता चला कि कमरे में रखी सोलर पैनल की आठ बैटरियां गायब थीं, जबकि अन्य सामान सुरक्षित मिला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नशीली गोलियों के साथ व्यक्ति गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** सीआईए-1 की टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांव संधाला के पास एक युवक को 1800 प्रतिबंधित नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजमल खान निवासी जठलाना के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई सुखदेव सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी नशीली गोलियां बेचने के लिए गुमथला में बी-15 घाट के समीप बने सैलर के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अल्प्राजोलम श्रेणी की 1800 प्रतिबंधित गोलियां बरामद हुईं, जिनका कुल वजन करीब 286 ग्राम बताया गया है। कानूनी प्रक्रिया के तहत आरोपी की तलाशी राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में करवाई गई। बरामद गोलियों की जांच के लिए ड्रग कंट्रोल अधिकारी से भी पुष्टि करवाई गई, जिन्होंने इन्हें एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित श्रेणी की दवा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जेल लोक अदालत में 10 में से 9 मामलों का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी खुशबू गोयल के साथ बुधवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

इस मौके पर जेल अधीक्षक लखबीर सिंह उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उन्हें प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीजेएम मीनाक्षी यादव ने जेल लोक अदालत का आयोजन किया। जेल लोक अदालत में 10 मामले रखे गए, जिनमें से 9 मामलों का निपटारा हुआ और 9 मुलजिमों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। उन्होंने अभियान ष्पर्यावरण सुरक्षा से नो टू प्लास्टिकष के तहत जिला कारागार में पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। सीजेएम ने मुलाकात हॉल में स्थापित हैल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित परिवारजनों से बातचीत की और उनकी समस्याओं का समाधान बताया। उन्होंने बताया कि बंदियों से मुलाकात करने वाले परिवारजनों के लिए जिला कारागार में हैल्प डेस्क स्थापित किया गया है। हैल्प डेस्क पर पैरा लीगल वालंटियर अज्ञा पाल द्वारा मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी जाती है।

# हाईवे किनारे से हटेगा कचरा डंपिंग यार्ड, बुबका रोड पर शिफ्ट करने की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** एसके मार्ग स्थित बस स्टैंड के नजदीक बने कचरा डंपिंग यार्ड को हटाने की दिशा में नगर पालिका रादौर ने पहल शुरू कर दी है। बुधवार को इस संबंध में नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि मुख्य सड़क के किनारे स्थित डंपिंग यार्ड से शहर की सुंदरता प्रभावित हो रही है और स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान भी रादौर को नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगरपालिका स्थायी समाधान पर काम कर रही है।

इसके तहत बुबका रोड पर नगरपालिका की करीब दो एकड़ भूमि पर नए कचरा प्रबंधन केंद्र को विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, जहां शहर का समस्त कचरा प्रबंधन कार्य संचालित किया जाएगा। चेयरमैन ने बताया कि हाईवे के किनारे से डंपिंग यार्ड हटने के बाद खाली हुई जगह पर आम जनता की सुविधा के लिए नया विकास कार्य या जनहित परियोजना शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कदम से शहर की स्वच्छता, सुंदरता और रैंकिंग में भी सुधार होगा।

# मेयर सुमन बहमनी ने कैंप पार्क का किया औचक निरीक्षण

**जायजा**

- उन्होंने सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांचने के साफ-सफाई का जायजा लिया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर, 3 जून।** शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मेयर सुमन बहमनी ने बुधवार सुबह वार्ड नंबर-17 स्थित कैंप पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की हाजिरी जांचने के साथ-साथ पार्क की साफ-सफाई और रखरखाव का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मेयर ने सफाई कर्मचारियों की वर्दी, पहचान पत्र (आईकार्ड) और सुरक्षा उपकरणों की जांच की। जांच में कुछ कर्मचारी बिना निर्धारित वर्दी और आईकार्ड के मिले, जबकि कुछ के पास आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध नहीं थे। इस पर मेयर ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों और सफाई दरोगाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर निगम व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और उन्हें निर्धारित नियमों के अनुसार ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी प्रतिदिन पूर्ण वर्दी और पहचान पत्र के साथ ड्यूटी पर उपस्थित हों तथा सफाई कार्य के दौरान दस्ताने, मास्क, बूट सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी को अपनी जान जोखिम में डालकर काम नहीं करना चाहिए।

कर्मचारियों की सुरक्षा नगर निगम की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान मेयर ने कैंप पार्क की साफ-सफाई, हरियाली और अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को पार्क को अधिक सुंदर और व्यवस्थित बनाने, नियमित सफाई, पौधों की देखभाल तथा घास की कटाई जैसी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

मेयर ने कहा कि शहर के सभी पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। जहां भी किसी प्रकार की कमी मिलेगी, उसे तत्काल दूर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए नगर निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है तथा सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मिशन मैदान 2.0 के तहत बड़ी कार्रवाई: 2328 नशीले कैप्सूल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर, 3 जून।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे मिशन मैदान 2.0 के तहत यमुनानगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिला की एंटी नारकोटिक सेल और अपराध शाखा-1 की टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए कुल 2328 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

डीएसपी रजत गुलिया ने पत्रकारों को बताया कि अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन और पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिले में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल ने




528 प्रतिबंधित ट्रामाडोल कैप्सूल और अपराध शाखा-1 ने 1800 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं।

एंटी नारकोटिक सेल द्वारा गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार पुत्र बाबू राम निवासी गांव कलावड़, थाना छप्पर के रूप में हुई है।



पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी मोटरसाइकिल पर नशीले कैप्सूल सप्लाई करने जा रहा है। सूचना के आधार पर गांव जागधौली क्षेत्र में नाकाबंदी कर उसे काबू किया गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 528 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

वहीं अपराध शाखा-1 की टीम ने अजमल पुत्र हमीद निवासी जठलाना को नगली घाट गांव सधालां के पास से 1800 प्रतिबंधित नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर नशीली गोलियों के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाएगी।

डीएसपी रजत गुलिया ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और इस अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस दोनों मामलों में गहन जांच कर रही है ताकि सप्लाई चेन से जुड़े अन्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सके।

# बापा गांव की तनिक्षा कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर पर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**रादौर, 3 जून (कुलदीप सैनी) :** ओडिशा के राउरकेला में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय जूनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। टीम की इस सफलता में रादौर क्षेत्र के गांव बापा की प्रतिभावान खिलाड़ी तनिक्षा कश्यप ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरियाणा टीम की ओर से खेलते हुए तनिक्षा कश्यप ने अपने शानदार प्रदर्शन से न केवल टीम की सफलता में योगदान दिया, बल्कि अपने गांव और क्षेत्र का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। तनिक्षा की इस उपलब्धि पर गांव बापा और पूरे रादौर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। तनिक्षा के पिता राजेश कश्यप ने बेटी की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के बल पर तनिक्षा ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।



न्यूज फ्लैश

## डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान देना महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त कदम : जगमोहन आनंद



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा ने डॉ.अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष की कमान देकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। केंद्रीय नेतृत्व के इस निर्णय से पार्टी की अन्य महिला कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने डॉ. अर्चना गुप्ता को कार्यभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि इनके कुशल नेतृत्व में पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी।
विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व स्तर पर नंबर एक की पार्टी बन चुकी है और 17 राज्यों में अपने मुख्यमंत्री बनाकर भारत में सबसे लोकप्रिय पार्टी भी बन गई है। हाल ही में हुए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद अब विभिन्न प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव भी शुरू हो गये हैं। इस प्रक्रिया में 4 प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्षों की घोषणा की गई, जिसमें हरियाणा भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी गई। डॉ. अर्चना गुप्ता ने बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है।
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा डॉ. अर्चना गुप्ता को भाजपा हरियाणा प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने का निर्णय मात्र एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कदम है।
उन्होंने इस गरिमामय फैसले के लिए वह शीर्ष नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, केन्द्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद किया, जिन्होंने एक महिला को प्रदेश की कमान संभालने की जिम्मेवारी दी। शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले से यह साबित होता है कि वाकई मेहनत से कार्य करने वाला कार्यकर्ता कहीं से कहीं पहुंच सकता है और शीर्ष नेतृत्व सदैव उस कार्यकर्ता का ध्यान रखता है, जो मेहनत और लगन से कार्य करता है और पार्टी के लिए समर्पित है ।

## साइबर ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला पुलिस के थाना साइबर क्राइम की टीम ने साइबर ठगी के एक मामले में सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार व फूल कुमार की अध्यक्षता में कारवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शानू पुत्र अरशद निवासी उस्मापुर खुर्जा हाल खीरखानी मोहल्ला बागवाली मस्जिद खुर्जा नगर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश तथा मोहसिन पुत्र राशिद निवासी ईदगाह रोड, बुर्ज उस्मान खाँ, खीरखानी मोहल्ला बागवाली मस्जिद खुर्जा नगर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।
इस संदर्भ में थाना साइबर क्राइम में बीएनएस की धाराओं के तहत मामला दर्ज है। शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी शाहपुर जिला करनाल ने शिकायत दी थी कि फेसबुक पर ड्राई फ्रूट खरीदने की एड देखने के बाद आरोपियों ने व्हाट्सएप कॉल व क्यूआर कोड के माध्यम से रिफंड का झांसा देकर उसके विभिन्न बैंक खातों से करीब 4 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली।
जांच के दौरान पुलिस द्वारा संबंधित बैंक खातों, व्हाट्सएप रिकॉर्ड एवं केवाईसी दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया। तकनीकी जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के खाते से ठगी की राशि विभिन्न संदिग्ध बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। मामले में आगे की जांच में पुलिस टीम ने आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर 2 जून को दोनों आरोपियों को खुर्जा नगर, जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा प्रयोग किए गए मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। आरोपियों को आज अदालत में पेश कर जिला जेल भेजा गया है।
मामले में अन्य संदिग्ध खाताधारकों एवं साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की जांच जारी है।

# राष्ट्रीय मंच पर शहरी विकास की नई दिशा तय, महापौरों ने साझा किए अनुभव

### ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं बैठक का उत्तराखंड के सीएम ने किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

□ ऋषिकेश में अखिल भारतीय महापौर परिषद् की 117वीं बैठक का शुभारंभ हुआ।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** मां गंगा के पावन सानिध्य और देव धरा ऋषिकेश में बुधवार को आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद् की 117वीं बैठक का शुभारंभ हुआ। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्रीय मंच पर शहरी विकास की नवीन दिशा तय की गई। उद्घाटन सत्र में उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा, ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान, परिषद के महासचिव आशुतोष वार्ष्णेय, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल एवं सुबोध उनियाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने सक्रिय सहभागिता की।
इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने प्रेरक संबोधन में नगरों के समग्र एवं सुनियोजित विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा स्मार्ट सिटी विज? को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच नागरिक सुविधाओं को आधुनिक, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।
बैठक के अलग-अलग सत्रों में देशभर से आए महापौरों ने अपने-अपने शहरों के अनुभव साझा करते हुए शहरी प्रशासन, बुनियादी ढांचे और सेवा वितरण प्रणाली को और बेहतर बनाने पर गहन विचार.विमर्श किया। साथ ही कई नवाचारों और बेहतर प्रबंधन मॉडल पर सार्थक चर्चा हुई, जिससे भविष्य की शहरी नीतियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई गई।
निकायों का सशक्तिकरण जरूरी
बैठक के दौरान करनाल की महापौर एवं अखिल भारतीय महापौर परिषद की अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच न केवल विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम हैं, बल्कि यह शहरी विकास की नई सोच को भी जन्म देते हैं।

## 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ करेंगे घर-घर जाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सीटीएम सिमरन की अध्यक्षता में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम सुभाष चंद्र भी उपस्थित रहे।
उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिमरन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने, अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता विवरण में आवश्यक संशोधन करने का कार्य किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि एसआईआर की अर्हता तिथि 01 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत 05 जून से 14 जून 2026 तक बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा मतदाता सूची से संबंधित मुद्रण कार्य किए जाएगे। इसके पश्चात 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2026 तक मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थित करने का कार्य किया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को किया जाएगा। इसके बाद 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

## रविन्द्र सिंह को पैकस कर्मचारी यूनियन का जिला महासचिव बनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद (प्रदीप कुमार)**
जिस पर सभी कर्मचारियों ने शुभकामनाएँ दी कुरुक्षेत्रा बैंक के चेयरमैन सुभाष सैनी ने महासचिव को बधाई दी और बेहतर भविष्य की कामना की इसके अतिरिक्त अशोक मेहता ने सभी का धन्यवाद किया 2018 के बाद फिर से रविन्द्र सिंह को यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई हैं उनकी यह ज़िम्मेदारी एक क्रान्तिकारी के तौर पर देखी जा रही है पहले भी उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक नई ऊर्जा का संचार किया था सभी ब्लांक के कर्मचारियों ने उनका जोरदार समर्थन किया

## हिंदू हाईस्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर in-हाउस ट्रेनिंग का आयोजन

**प्रशिक्षण**

□ शिक्षकों को सतत मूल्यांकन और कक्षा में तकनीक के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी।



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 3, जून (विजय कौशिक)** : हिंदू हाई स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर inहाउस ट्रेनिंग का किया गया आयोजन। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए हिंदू हाई स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रबंधक समिति के प्रधान पवन गर्ग ने सभी बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, दक्षता-आधारित शिक्षा अनुभवात्मक शिक्षण तथा डिजिटल शिक्षण तकनीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने शिक्षकों को छात्र-केंद्रित शिक्षण, सतत मूल्यांकन और कक्षा में तकनीक के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। विद्यालय की प्रधानाचार्य योगिता अहलूवालिया ने बताया कि NEP 2020 के अनुसार शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास पर विशेष बल दिया गया है तथा प्रत्येक शिक्षक को नियमित प्रशिक्षण में भाग लेना चाहिए। ठएढ 2020 शिक्षकों के लिए प्रतिवर्ष 50 घंटे के सतत व्यावसायिक विकास (CPD) का भी प्रावधान करता है। कविता लालर ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी और विद्यार्थियों के लिए रोचक बनाने में सहायता मिलेगी।र ाष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के लिए एक दिवसीय इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 12 सितंबर को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 03 जून।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का पक्षकारों की आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर मौके पर ही त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटारा किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, गन्नौर तथा खरखौंदा में प्री-लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इन प्री-लोक अदालतों के माध्यम से ऐसे मामलों की पहचान की जा रही है जिनका समाधान आपसी समझौते से संभव है।
डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने कहा कि जिन व्यक्तियों के मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं, वे संबंधित न्यायालय में संपर्क कर अपने मामले को प्री-लोक अदालत अथवा 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाएं, ताकि उनका मामला शीघ्र, सरल एवं कम खर्च में निपटाया जा सके।

## लाडवा के 1,97,911 वोटरों का 15 जून से 14 जुलाई तक किया जाएगा पुनरीक्षण : अनुभव

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 3 जून (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि लाडवा विधानसभा के 1,97,911 वोटरों का 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाएगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में नागरिक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रक्रिया के माध्यम से हिस्सा ले सकते हैं। इस पुनरीक्षण के लिए बीएलओ जिले के प्रत्येक घर पर जाकर फार्म भरवाएगी। बीएलओ को नागरिक स्वयं फार्म जमा करवाते हैं, राजनैतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से जमा करवा सकते हैं। एसडीएम ने नागरिकों से विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। ये कार्य वर्ष 2002 के बाद अब शुरू किया गया है।



एसडीएम अनुभव मेहता उपमंडल कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर आयोजित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 जून तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा 1 जुलाई 2026 से अपना नया वोट बनवा सकते हैं। सभी बीएलओ को विभाग की तरफ से 5 जून से 14 जून तक ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग के बाद 15 जून से 14 जुलाई तक विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। ट्रेनिंग के दौरान बताया जाएगा कि किस वोटर से कौन सा फॉर्म भरवाया जाना है और कैसे भरवाया जाएगा।
एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जिनका वोट 2002 में बना हुआ है, उन्हें 2002 वाला डाटा भरना होगा। जिन वोटरों का वोट 2002 के बाद बना है उन्हें अपने परिजनों (माता-पिता, दादा-दादी) का डाटा भरना है। जो वोटर गांव-शहर से बाहर रहते हैं, उनके परिवारजन उनका फार्म भरकर बीएलओ को जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई को ड्राफ्ट रोल तैयार होगा, 20 अगस्त तक दावे आपत्ति दे सकते हैं। किसी भी प्रकार के दावे आपत्ति को सबसे पहले आरओ / एसडीएम को दर्ज करवा सकते हैं, संतुष्टि न होने पर डीआरओ/ उपायुक्त को, इसके बाद ईओ को आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

## नीट परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां समय पर हो पूरीः उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 03 जून।**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 21 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-2026 परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को शांत वातावरण मुहैया करवाने के साथ-साथ सफल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां पूरी की जा रही हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के मद्देनजर प्रत्येक व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखते हुए सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाओं को पूरा करवाएं। नीट-2026 परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त नेहा सिंह ने बुधवार को कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा दौरान सोनीपत शहर में बनाए गए 08 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिनपर 2668 परीक्षार्थी अपनी परीक्षा देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के दौरान जारी सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।




## जेल का हेड वार्डर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में 8वें आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी जिला जेल में हेड जेल वार्डर के पद पर तैनात था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड हासिल किया है।
जांच में सामने आया कि आरोपी जेल के अंदर ही नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गांव मलिकपुर थाना मुरथल जिला सोनीपत निवासी सुनील कुमार पुत्र दयानंद के रूप में हुई है।

## वेद प्रचार मंडल की लाडवा इकाई का किया गया गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 3 जून (विजय कौशिक)** वेद प्रचार मंडल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद जी के मार्ग दर्शन में जिला प्रधान आचार्य मोहन लाल के द्वारा वेद प्रचार मंडल की लाडवा इकाई का गठन कल शाम आर्य समाज मन्दिर लाडवा में हुई एक बैठक में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पवन गर्ग को उप प्रधान, अरविन्द सिंहल को मंत्री, अनिल गोयल और महिंद्र पाल आर्य को संरक्षक, डॉ रवि अरोड़ा और ओम पाल आर्य को उप मंत्री, बृज भूषण को कोषाध्यक्ष, रोहित गर्ग को सह कोषाध्यक्ष, मोहित अरोड़ा को युवा प्रभारी, विजय वर्मा, ध्रुव सेठी, सचिन गर्ग को युवा सह प्रभारी, निशी अग्रवाल को महिला प्रभारी, सुनील आर्य को अध्यापक प्रभारी, सतविंदर आर्य और नरेश बंसल को अध्यापक सह प्रभारी, गुरमेज सिंह को किसान प्रभारी, रविन्द्र बंसल, शमशेर सिंह और अजय कुमार को किसान सह प्रभारी तथा जयदेव आर्य को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके साथ साथ कार्यकारी समिति का भी गठन किया गया



इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद ने संबोधित करते हुए बताया कि वेद प्रचार मंडल का मुख्य उद्देश्य सत्य सनातन वैदिक धर्म के प्रचार प्रसार और वेदों के ज्ञान को जन जन तक पहुँचाना है।
जिला प्रधान आचार्य मोहन लाल ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और सभी को मिलजुल कर कार्य करने की सलाह दी, ताकि समाज में एक सौहार्द का वातावरण बन सके।
इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद, स्वामी सोमानंद, आचार्य मोहन लाल, आचार्य धर्मपाल सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## एसजीएमपीएस लाडवा में आंतरिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गएः शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 3 जून (विजय कौशिक)** शिक्षण स्टाफ के व्यावसायिक कौशल को बढ़ाने और नवीनतम शैक्षिक सुधारों के अनुरूप ढलने के उद्देश्य से, संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा ने 1 जून को मूल्य शिक्षा, 2 जून को एनईपी 2020 और 3 जून को ज्ञान के सिद्धांत पर आंतरिक क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का संचालन रिसोर्स पर्सन कविता लालर ने किया। सत्रों का उद्घाटन प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने रिसोर्स पर्सन और विद्यालय समन्वयकों के साथ मिलकर पवित्र दीप प्रज्वलित करके और प्रार्थना के साथ किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कहा कि क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों के कौशल और ज्ञान को बढ़ाते हैं और उन्हें आधुनिक शिक्षण में उत्पन्न होने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं।
कविता लालर ने दैनिक कक्षा शिक्षण में नैतिक मूल्यों को एकीकृत करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों में सहानुभूति, ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने में मदद करने के लिए गतिविधि-आधारित रणनीतियों को साझा किया। इस सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख सिफारिशों पर चर्चा की गई। मुख्य रूप से योग्यता-आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक शिक्षण, कला-एकीकृत शिक्षा और समग्र एवं बहुविषयक शिक्षा को लागू करने में शिक्षकों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया।
शिक्षकों को आलोचनात्मक सोच और पूछताछ-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान, प्रौद्योगिकी, ज्ञान और ज्ञान की अवधारणाओं से परिचित कराया गया। विशेषज्ञ ने समझाया कि छात्रों को विभिन्न विषयों में ज्ञान को प्रश्न पूछने, विश्लेषण करने और जोड़ने के लिए कैसे प्रोत्साहित किया जाए। सत्र अत्यंत संवादात्मक थे, जिनमें समूह चर्चा, केस स्टडी और व्यावहारिक गतिविधियाँ शामिल थीं। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कक्षा अनुभव साझा किए। मेजबान विद्यालय, हिंदू हाई स्कूल लाडवा और जय हिंद पब्लिक स्कूल गुढ़ा के लगभग 88 शिक्षकों ने क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग लिया और उन्हें दी गई जानकारी से अत्यधिक लाभ हुआ। अपने संबोधन में, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने कविता लालर को उनके ज्ञानवर्धक सत्रों के लिए धन्यवाद दिया।
उन्होंने कहा, ह्लशिक्षकों के लिए सतत व्यावसायिक विकास आवश्यक है। ये कार्यक्रम हमारे शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने और छात्रों में मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने में मदद करेंगे।ह्व कार्यक्रम का समापन अकादमिक समन्वयक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।



## लोकतंत्र की मजबूती के लिए सही मतदाता सूची जरूरीः शंभू राठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद, (प्रदीप कुमार)**
शाहाबाद विधानसभा के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया केवल पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संचालित की जा रही है।
एसडीएम शंभू राठी बुधवार को उपमंडल कार्यालय शाहाबाद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में यह विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन कर उसे शुद्ध किया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता और अधिक मजबूत हो।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सफलता और सशक्त जनभागीदारी के लिए मतदाता सूची का त्रुटिरहित होना अत्यंत आवश्यक है।

न्यूज फ्लैश

## फेफड़ों की कार्यक्षमता में वृद्धि,मेरुदंड को लचीला व मांसपेशियों को मजबूत करता है त्रिकोणासन-लक्ष्मीनारायण



**सोनीपत:** मिशन फिट सोनीपत अभियान को निरंतर आगे बढ़ाने में सहायक लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति ने आज आई टी आई सोनीपत कैंपस में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सामान्य प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाते हुए उपस्थित साधको को त्रिकोणासन का विशेष अभ्यास करवाया। समिति के प्रधान इंजीनियर लक्ष्मीनारायण ने बताया कि यह आसन मेरुदंड को लचीला,पिंडली,जांघों और कटि भाग की मांसपेशियों को मजबूत व फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। उन्होंने इस आसन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाते हुए बताया कि स्लिप-डिस्क,साइटिका,एवं पेट की सर्जरी के कम से कम से 3 मास तक इसका अभ्यास नही करना चाहिए। अभ्यास के दौरान यदि धरती को न छू सकें तो घुटनों को छूने का प्रयास करें। उन्होंने बताया कि इस आसन के अभ्यास में दोनों पैरों के बीच 3 फुट की दूरी रखते हुए दोनों हाथों को बगल से कंधों के स्तर तक खींचें। दाएं पैर के पंजे को दायीं तरफ मोड़ें,श्वांस छोड़ते हुए धीरे धीरे दायीं तरफ पैर के नजदीक तक दाएं हाथ से पैर के टखने को छूने का प्रयास करें। बाएं हाथ को दाएं हाथ की सीध में रखते हुए ऊपर आकाश की ओर या बाएं हाथ की मध्यमा अंगुली को लगभग 30 सेकण्ड्स तक निहारें। यथासंभव रुकने के बाद यही अभ्यास दूसरी ओर झुककर भी दोहराएं। इस अवसर पर कृष्णा,रीना,रुक्मणि,विनीता,संतोष, दीपिका,लक्ष्मीनारायण खण्डवाल,जगदीश,बलवान,रविन्द्र, डालचंद आदि उपस्थित रहे।

## पेप्सिको इंडिया ने पेश किया एड्रेनलिन रश

**रोहतक।** पेप्सिको इंडिया ने अपना प्रीमियम इंटरनेशनल एनर्जी ड्रिंक ब्रांड एड्रेनलिन रश लॉन्च किया है। इस लॉन्चिंग के साथ कंपनी ने एनर्जी ड्रिंक्स कैटेगरी में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। इसके साथ कंपनी ने ए-रश, ए-गेम ऑन के कॉन्सेप्ट के साथ एक नई और जबर्दस्त कैंपेन फिल्म भी रिलीज की है। यह लॉन्चिंग पेप्सिको इंडिया के बढ़ते एनर्जी पोर्टफोलियो की दिशा में एक अहम कदम है, क्योंकि कंपनी अब जेन-जी ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। तेजी से बढ़ते मास प्रीमियम सेगमेंट में 60 रुपये की कीमत पर उपलब्ध एड्रेनलिन रश से पेप्सिको इंडिया के एनर्जी पोर्टफोलियो का विस्तार होगा। यह आज के दौर के युवाओं के लिए खास तौर पर तैयार किया गया एक विश्व-स्तरीय प्रोडक्ट है। इसे दो अलग-अलग वैरिएंट्स– पैशन रश और क्लासिक रश में एक आकर्षक और प्रीमियम कैन फॉर्मेट में लॉन्च किया गया है।

# उर्वरकों का संतुलित प्रयोग अपनाकर किसान करें लागत में कमी : डॉ. विजय कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**



**करनाल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केन्द्र, उचानी, करनाल द्वारा कृषि विभाग के सहयोग से खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत फसलों में उर्वरकों का संतुलित प्रयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करना था।
विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.बलदेव राज काम्बोज, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. नरेश कौशिक तथा कृषि विज्ञान केंद्र उचानी के संयोजक डॉ. महा सिंह के विचारों को किसान तक पहुँचाने के लिए ये प्रोग्राम किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र उचानी से डॉ. विजय कुमार कौशिक, जिला विस्तार विशेषज्ञ (फार्म प्रबंधन), डॉ. किरण कुमारी, वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान) तथा कृषि विभाग से हिमांशु, कृषि सुपरवाईजर उपस्थित रहे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विजय कुमार कौशिक ने किसानों को फसलों में उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक प्रयोग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें, ताकि खेती की लागत कम हो और भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहे।
उन्होंने बताया कि आवश्यकता से अधिक उर्वरकों के प्रयोग से न केवल उत्पादन लागत बढ़ती है, बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही उन्होंने धान की सीधी बिजाई ;डीएसआरद्ध तकनीक के लाभों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जल संरक्षण एवं श्रम लागत में कमी के लिए इस तकनीक को अपनाने की सलाह दी।
डॉ. किरण कुमारी ने किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि मिट्टी की जांच के आधार पर ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। इससे फसल को आवश्यक पोषक तत्व उचित मात्रा में मिलते हैं तथा अनावश्यक खर्च से बचाव होता है। उन्होंने किसानों को जैविक खादों एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित उपयोग के लिए भी प्रेरित किया।
कृषि सुपरवाईजर हिमांशु ने किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं एवं अनुदान संबंधी जानकारी प्रदान की तथा किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अधिक लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने विशेषज्ञों से विभिन्न कृषि समस्याओं पर चर्चा की तथा संतुलित उर्वरक प्रयोग एवं आधुनिक खेती तकनीकों के संबंध में अपने प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

## छीना-झपटी करने वाला स्कूटी सवार चंद घंटों में काबू



**सिरसा (शुभम खटक)**
एसपी दीपक सहारन के निदेर्शानुसार संपत्ति विरोधी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने आज दोपहर रोड़ी बाजार क्षेत्र में एक महिला से एक लाख रुपए की छीना-झपटी करने वाले स्कूटी सवार को गिरफ्तार किया।इस संबंध में डीएसपी मुख्यालय सुखबीर सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला केशर देवी, पत्नी धर्मचंद, निवासी बाबा बिहारी की समाधी मोचियावाली गली, ने पुलिस को शिकायत दी कि वह बैंक से डेढ़ लाख रुपए निकालकर पीएनबी वाली गली से रोड़ी बाजार की ओर जा रही थी। इसी दौरान रानी ब्यूटी पार्लर के पास पीछे से एक स्कूटी सवार युवक आया और उसके हाथ से प्लास्टिक का बैग छीनकर मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान बैग में रखे 50,000 रुपए और मोबाइल फोन नीचे गिर गए, जबकि शेष 1,00,000 रुपए आरोपी लेकर भाग गया।पीड़िता की शिकायत पर थाना शहर सिरसा में अज्ञात स्कूटी सवार के खिलाफ छीना-झपटी का मामला दर्ज किया गया और तुरंत जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हर्षदीप सिंह उर्फ हर्ष पुत्र बलदेव सिंह निवासी सिकंदरपुर को शहर सिरसा क्षेत्र से कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया।डीएसपी सुखबीर सिंह ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और उसकी निशानदेही पर छीना-झपटी की पूरी राशि बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी से छीना-झपटी और अन्य अपराधों का खुलासा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।डीएसपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

## बोर्ड ऑफ ट्रेड में 40 नए गैर-सरकारी सदस्य नियुक्त, घरौंडा के सतीश गोयल भी शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्ट्री के तहत वाणिज्य विभाग ने अधिसूचना जारी कर बोर्ड ऑफ ट्रेड (बीओटी) में बड़ा बदलाव किया है। सरकार ने 8 जुलाई 2022 की अधिसूचना को रद्द करते हुए 29 गैर.सरकारी सदस्यों की जगह अब विभिन्न क्षेत्रों से 40 नए सदस्यों को शामिल किया है। इनका उद्देश्य देश के निर्यात को बढ़ावा देना और व्यापार को मजबूत बनाना है।
अधिसूचना के मुताबिक सरकार ने 17 जुलाई 2019 की अधिसूचना के जरिए काउंसिल फॉर ट्रेड डेवलपमेंट एंड प्रमोशन को मिलाकर बोर्ड ऑफ ट्रेड का गठन किया था। इसमें सरकारी और पदेन सदस्यों को नामित किया गया था। इसके बाद 2022 में 29 गैर-सरकारी सदस्य जोड़े गए थे, जिन्हें अब बदल दिया गया है। नए सदस्यों में ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश गोयल को भी शामिल किया गया है। वे देश में चावल उद्योग से जुड़े एकमात्र प्रतिनिधि हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने बड़े उद्योगपतियों और विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर एक्सपोर्ट को मजबूत करने की दिशा में यह कदम उठाया है।

## तोशाम विधान सभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियां पूरी

**तोशाम, वंदना शर्मा**
**तोशाम, 03 जून ।** तोशाम विधान सभा क्षेत्र के पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम संदीप कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार वर्ष 2026 के लिए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्यक्रम को समयबद्ध एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा करें ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत व पारदर्शि बनाया जा सके।
पंजीयन अधिकारी ने बताया कि तोशाम विधान सभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए शैड्यूल जारी कर सभी संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई



2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाएगा। इसके अलावा 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन किया जाएगा।
एसडीएम संदीप कुमार ने आगे बताया कि 21 जुलाई को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा, जबकि दावे एवं आपत्तियां दर्ज करवाने की अवधि 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके बाद 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक दावों एवं आपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तोशाम विधान सभा क्षेत्र की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 22 सितंबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटि रहित एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि बीएलओ के घर-घर सत्यापन अभियान में पूरा सहयोग करें तथा अपने दस्तावेज तैयार रखें। आमजन एवं मतदाताओं की सुविधा के लिए तोशाम निर्वाचन कार्यालय में संपर्क केंद्र एवं टोल फ्री नंबर 1950 स्थापित किया गया है। यह केंद्र प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी, शिकायत या सुझाव के लिए नागरिक टोल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में पारदर्शिता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करे अधिकारी: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 3 जून।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा ए. श्रीनिवासन ने बुधवार को वीसी के माध्यम से प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तैयारियों,



कार्ययोजना तथा विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। पानीपत जिला सचिवालय स्थित हॉल में अतिरिक्त उपायुक्त एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित चौकसे ने भाग लिया। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को

**समीक्षा बैठक**
□ प्रदेश के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की सभी तैयारियां व्यवस्थित रूप से की जा रही हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। एडीसी ने बताया कि कुछ स्थानों पर निर्वाचन कार्य से जुड़े पद रिक्त हैं, जिनके संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है और शीघ्र ही आवश्यक नियुक्तियां सुनिश्चित की जाएगी।

## लोक कला सांझी के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आएं आज की युवा पीढ़ी: सविता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 3 जून (बिजेंद्र सिंह)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौली में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय करनाल मंडल स्तरीय सांझी लोक कला कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। एक से 3 जून तक आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, महिलाओं एवं कला प्रेमियों को हरियाणा की समृद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत से जोडना तथा सांझी कला के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला का आयोजन कला एवं सांस्कृतिक



कार्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल तथा महानिदेशक केएम पाण्डुरंग के मार्गदर्शन में तथा कला एवं सांस्कृतिक अधिकारी चित्रकला रेनू हुड्डा मलिक के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रदीप मलिक, सहायक रीटा मलिक तथा मास्टर ट्रेनर कमलेश ने प्रतिभागियों को सांझी कला की विभिन्न तकनीकों एवं विशेषताओं का प्रशिक्षण दिया। समापन कार्यक्रम का मंच संचालन गणित प्राध्यापिका दीपिका धवन ने किया।

## ममाज टीम ने पौधा भेंटकर सेवानिवृत्त हेड क्लर्क को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** सिसोठ गांव में सेवानिवृत्त हेड क्लर्क सतबीर सिंह को मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल ममाज टीम ने पौधा भेंटकर सम्मानित किया। हरियाली का प्रतीक यह पौधा पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश देता है। सेवानिवृत्ति के अवसर पर सतबीर सिंह ने मंगलवार को हनुमानजी का रोट कराया। हवन के बाद बालाजी महाराज को भोग लगाया गया और गांववासियों, रिश्तेदारों व मित्रों में प्रसाद वितरित किया गया। मुकेश चौहान और मुकेश यादव ने कहा कि ऐसे अवसरों पर धार्मिक व परोपकारी कार्य होते रहने चाहिए।

## सार्वदेशिक आर्यवीर दल शिविर की तीसरे दिन वैदिक यज्ञ से हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 3 जून (बिजेंद्र सिंह)।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल पानीपत में बुधवार को 5 दिवसीय सार्वदेशिक आर्यवीर दल शिविर के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा वैदिक यज्ञ के साथ की गई। मुख्य वक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिविर में पहुंचने पर मुख्य अतिथि राजेश आर्य आहूजा और हरचरणदास अरोड़ा का पुष्प माला देकर अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को एक सभ्य और जिम्मेदार नागरिक बनकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। एक देश की रीढ़ की हड्डी वहां की युवा पीढ़ी होती है, अगर युवा पीढ़ी नशे से दूर



और देशभक्ति की भावना से प्रेरित है तो उस देश के विकास को कोई शक्ति नहीं रोक सकती। आचार्य राज कुमार शर्मा ने आर्य वीरों को जीवन में नैतिक मूल्यों को धारण करने और देशसेवा के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर में शिक्षक शिवम और प्रेमपाल शास्त्री ने बच्चों को सर्वांगसुंदर और सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के प्रधान भारत भूषण, मैनेजर अजय गोयल भी मौजूद रहे। वहीं प्राचार्य मनीष ने शिविर में पहुंचने पर प्रबंधक समिति का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि शिविर में भाग लेने वाले

**जिम्मेदार**
□ युवा पीढ़ी को एक सभ्य और जिम्मेदार नागरिक बनकर देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए

बच्चों का पूरा ध्यान रखा जाता है। व्यवस्था में सहयोग करने पर उपसंचालक सुरेश आर्य ने स्कूल के अध्यापक प्रवीण वर्मा का अभिनंदन किया।
इस अवसर पर वरुण खुराना कोषाध्यक्ष, राजेश आर्य मंडलपति, सुनील बतरा मंडलसचिव ,अशोक अरोड़ा ,तीर्थराम, प्रशांत व रघुबीर दत्त आदि मौजूद रहे।

## यमुना पर चल रहा तटबंध की मजबूती के लिये पत्थर की नई ठोकरें लगाना, पुरानियों की मरम्मत व रिवेटमेंट का कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 3 जून (बिजेंद्र सिंह)।** सिंचाई विभाग द्वारा बाढ बचाओ प्रबंधन के तहत बारिश का मौसम शुरू होने से पहले ही यमुना तटबंध को मजबूत करने के लिये जिला में पांच स्थानों पर पत्थरों की 15 नई ठोकरें लगवाई जा रही है और 5 पुरानी ठोकरों की मरम्मत व पांचों स्थानों पर करीब 7 हजार फीट का रिवेटमेंट का कार्य करवाया जा रहा है। इन तीनों ही कार्यो पर करीब 9.60 करोड रुपए की लागत आयेगी। अधिकारियों अनुसार तटबंध को मजबूत करने के लिये 4 गांव में 5 स्थानों पर नई ठोकरें लगाने, पुरानी की रिपेयर व रिवेटमेंट का काम तेजी से चल रहा है। विभाग की सनौली डिविजन ने अपने एरिया में ड्रेन नंबर एक की चौटाला रोड से गांव खोजकीपुर, यमुना तक और ड्रेन नंबर 6 की समालखा से सोनीपत जिला की सीमा तक सफाई करवा दी गई है। एसडीओ सतीश कुमार अनुसार गांव तामशाबाद में करीब 2 करोड से पत्थरों की 5 नई ठोकरें लगेगी और 500 फीट का रिवेटमेंट कार्य होगा। रिवेटमेंट में तटबंध की ढलान पर पानी के कटाव को रोकने के लिए पत्थरों व कंक्रीट आदि की ढाल बनाई जाती



है।
वहीं गोयला में करीब 80 लाख से 1 ठोकर की मरम्मत व रिवेटमेंट होगा। गांव खोजकीपुर में करीब 80 लाख से पत्थरों की 2 नई ठोकरें, एक ठोकर की मरम्मत व 500 मीटर रिवेटमेंट होगा। खोजकीपुर में ही दूसरे स्थान पर करीब 2 करोड से 2 नई ठोकरें, 2 ठोकरों की मरम्मत व 2500 फीट रिवेटमेंट होगा। गांव बिलासपुर में करीब 4 करोड से 6 नई ठोकरें और 2200 फीट रिवेटमेंट का काम होगा।

### क्या कहते है सिंचाई विभाग के एसडीओ सतीश कुमार

सिंचाई विभाग पानीपत के एसडीओ सतीश कुमार ने बताया कि यमुना तटबंध को मजबूत करने के लिये यमुना पर पांच स्थानों पर नई ठोकरें लगाना, पुरानी की मरम्मत व रिवेटमेंट का काम तेजी से चल रहा है। इन सभी कार्यो को 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

## हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए: दिनेश गुलाटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मद्देनजर योग को जन-जन तक योग को पहुंचाने के लिए मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया है। नरसी विलेज सेक्टर 33 में आयोजित इस कार्यक्रम में मिशन प्रमुख योग गुरु दिनेश गुलाटी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग और स्वास्थ्य और 21 जून, योग दिवस के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी है। नियमित



योग करने से हम निरोगी रह सकते हैं।
हर व्यक्ति को प्रतिदिन योग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग को जीवन का मुख्य अंग अवश्य बनाएं। स्वास्थ्य के बिना जीवन में कुछ भी नहीं है। योग से हम शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं।

# विधायक ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास, तालाब के जीर्णोद्धार व पेयजल परियोजनाओं की भी दी सौगात

**सौगात**

**–पबनेरा में 4 करोड़ की ठोकर समेत तालाब, रास्ते और पेयजल परियोजनाओं की दी सौगात**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** यमुना नदी के कटाव से प्रभावित पबनेरा गांव के किसानों को बरसात के दौरान यमुना के तेज बहाव से किसानों की कृषि भूमि को कटाव से राहत मिलेगी। इसके लिए ग्रामीणों की मांग पर गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान के प्रयासों से यमुना नदी पर ठोकर नंबर-10 के निर्माण को मंजूरी मिली है। इस परियोजना पर करीब 4 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक कादियान ने गांव में विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि किसानों की जमीन को कटाव से बचाने और ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाएं मजबूत करने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। पबनेरा गांव में देवी वाले तालाब के जीर्णोद्धार पर 12.09 लाख रुपए खर्च होंगे। वहीं 6.30 लाख रुपए की लागत से खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते का निर्माण कराया जाएगा। नाले वाले तालाब के विकास पर 12 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 6 लाख रुपए की लागत से ट्यूबवेल लगाया जा चुका है तथा जल्द ही पाइपलाइन बिछाने का कार्य जल्द पूरा होगा। वहीं, शिव मंदिर के परिसर का सौन्दर्यकरण होगा। ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रवीण सरपंच प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच हंसराज, सूरजभान, कलीराम, मुख्तार, लख्मी चौकीदार, श्याम, पलटूराम, देवेंद्र, घसौली सरपंच महेश त्यागी आदि मौजूद रहे।

# अवैध गेट हटाने की कार्रवाई के विरोध में आज एसडीएम को सौंपेंगे शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बसंत विहार कालोनी की विभिन्न गलियों में नगरपालिका द्वारा लोहे के गेट हटाए जाने के विरोध में स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई है।
कालोनीवासियों का कहना है कि इन गेटों को सुरक्षा के दृष्टिगत लगाया गया था, जिससे बाहरी लोगों की अनावश्यक आवाजाही पर नियंत्रण रहता था और क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सुरक्षा का एहसास होता था। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कुछ लोगों के आपसी विवाद के चलते पूरी कालोनी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उनका कहना है कि अधिकांश लोग गेट लगाए जाने के पक्ष में थे और इससे क्षेत्र में चोरी तथा अन्य असामाजिक गतिविधियों पर भी



अंकुश लगा हुआ था। इस संबंध में ओमप्रकाश पटेल, चिरंजी चांदना और कमल चांदना ने बताया कि उन्होंने पहले भी एसडीएम प्रवेश कादियान को पत्र सौंपकर गेट न हटवाने की गुजारिश की थी। उनका दावा है कि उस दौरान एसडीएम ने गेट न हटवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद नगरपालिका ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न गलियों से लोहे के गेट हटवा दिए। बुधवार को कालोनी के लोगों ने एकत्र होकर कार्रवाई के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। निवासियों ने बताया कि वीरवार को आयोजित होने वाले समाधान शिविर में वे एसडीएम प्रवेश कादियान को शिकायत सौंपेंगे। शिकायत में हटाए गए गेटों को दोबारा लगाने की अनुमति देने की मांग की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस का ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ अभियान, 26 अवैध साइलेंसर बुलडोजर से किए नष्ट

**फतेहाबाद, 03 जून:** जिले में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से फतेहाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

ट्रैफिक प्रभारी उप निरीक्षक जयसिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान 26 बुलेट मोटरसाइकिलों में लगे अवैध एवं मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए। कार्रवाई के उपरांत इन सभी साइलेंसरों को बुलडोजर की सहायता से नष्ट कर दिया गया ताकि उनका दोबारा उपयोग न किया जा सके।

उप निरीक्षक जयसिंह ने बताया कि मॉडिफाइड साइलेंसरों से निकलने वाली तेज आवाज आमजन के लिए परेशानी का कारण बनती है। इससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है तथा विद्यार्थियों, बुजुर्गों, मरीजों एवं अन्य नागरिकों को अनावश्यक असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा तेज आवाज वाले वाहन सड़क पर अन्य वाहन चालकों का ध्यान भटका सकते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है।

उन्होंने कहा कि वाहन निमार्ता कंपनी द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत किसी भी प्रकार का संशोधन करना मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में चालान, जुमार्ना तथा अन्य कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में अवैध साइलेंसर या अन्य गैरकानूनी संशोधन न करवाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस द्वारा भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान लगातार जारी रखे जाएंगे ताकि आमजन को ध्वनि प्रदूषण से राहत मिल सके और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### सत्र 2026-27 में 100 प्रतिशत बोर्ड परिणाम का लक्ष्य- डीईईओ सुधीर कालड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सरकारी विद्यालयों के बोर्ड परीक्षा परिणामों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) सुधीर कालड़ा ने सत्र 2026-27 के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। इस संबंध में जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) और क्लस्टर प्रमुखों के साथ विडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उन्हें योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रत्येक बिंदु को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए।
बैठक में डीईओ ने बताया कि सत्र 2025-26 में जिले के सरकारी विद्यालयों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कक्षा 12 के 106 तथा कक्षा 10 के 54 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। जीएमएसएसएस नन्योला की छात्रा अनहद कौर अंटाल ने 98.2 प्रतिशत अंक हासिल कर हरियाणा के सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीएमएसएसएस शहजादपुर की छात्रा वृंदा ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं कक्षा में राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया। डीईओ ने बताया कि कक्षा 10 का जिला परीक्षा परिणाम 90.43 प्रतिशत रहा, जो बोर्ड के 89.60 प्रतिशत औसत परिणाम से अधिक है। जिले के 155 सरकारी हाई एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में से 40 विद्यालयों ने शत-प्रतिशत परिणाम दिया, जबकि 95 विद्यालयों का परिणाम बोर्ड औसत से कम नहीं रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 का परिणाम 83.84 प्रतिशत दर्ज किया गया। जिले के 100 सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में से 3 विद्यालयों ने 100 प्रतिशत परिणाम दिया तथा 58 विद्यालयों का परिणाम बोर्ड के सामान्य परिणाम के बराबर या उससे अधिक रहा। सुधीर कालड़ा ने बताया कि जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों के सफल प्रयासों और नवाचारों को अन्य विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अच्छे प्रयोगों को पूरे जिले में लागू किया जा सके।

# अवैध खनन करने वालों के खिलाफ करें कड़ी कार्रवाई : डा. आनंद कुमार शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि जिला में अवैध खनन की रोकथाम को लेकर अधिकारी अपनी गतिविधियां बढ़ाएं और कड़ी नजर रखें तथा अवैध खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जिला में किसी भी हालत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला टास्क फोर्स कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने स्टाफ की उपलब्धता की समीक्षा की तथा फंड की उपयोगिता को लेकर




विकास कार्यों की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वैध खनन से जुड़े लाइसेंसधारकों पर भी नजर रखी जाए और नियमों की पालना सुनिश्चित करवाई जाए।
उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसा जाए, उनके वाहन जब्त किए जाएं और खनन विभाग की ओर से संबंधित को नोटिस जारी कर उन पर जुमार्ना लगाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन विभाग, आरटीए व टास्क फोर्स में शामिल पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी का पूरी सजगता के साथ निर्वहन करें और अवैध खनन, ई-रवानगी व ओवरलोडिंग वाहनों की निरंतर जांच की जाए तथा उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा, पुलिस बल उपलब्ध करवाया जाएगा। हर माह की प्रगति रिपोर्ट में बढ़ोतरी दिखाएं।बैठक में जिला खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि जिला में अवैध खनन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है। इस वर्ष फरवरी से मई तक अवैध खनन में संलिप्त 93 वाहनों को सीज किया गया है जिनमें से 50 वाहन रिलीज हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि अवैध खनन में लिप्त 11 वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया और 4 लाख 15 हजार रुपये की जुमार्ना राशि रिकवर की गई है।
इसके अलावा अवैध खनन के 19 मामलों में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।
बैठक में एडीसी डा. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र, डीएसपी राजीव कुमार, आरटीए विजय देशवाल, डीडीपीओ कंचनलता, टास्क फोर्स पुलिस सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# आरपीएस पब्लिक स्कूल में होगी ब्लाक स्तरीय योगासन प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 4 जून को आरपीएस पब्लिक स्कूल में ब्लाक स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे। ब्लाक रिसोर्स कार्डिनेटर आजाद सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 10 से 14 वर्ष तथा 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। प्रत्येक विद्यालय से चार-चार विद्यार्थियों का चयन किया गया है। विद्यार्थियों के साथ एक अध्यापक या अध्यापिका भी उपस्थित रहेंगे, जो उनकी देखरेख और मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति रुचि बढ़ाना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। सभी विद्यालयों को समय पर प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीसी ने जिला परिषद के नवनिर्वाचित सदस्य पाल सिंह को दिलाई शपथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला परिषद वार्ड नम्बर 10 के उपचुनाव में निर्वाचित हुए सदस्य पाल सिंह दादूपुर को पद एवं निष्ठा की शपथ दिलवाई।
शपथ उपरांत उपायुक्त ने नवनिर्वाचित सदस्य पाल सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी कंचनलता मौजूद रही। बता दें कि जिला में पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव 10 मई को सम्पन्न हुए थे, जिसमें जिला परिषद वार्ड नम्बर 10 के उपचुनाव में पाल सिंह दादूपुर विजयी हुए थे।

# भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता से उनके स्थित निवास पर भाजपा जखोली मंडल के अध्यक्ष शेखर आंतिल ने भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं व बधाई दी। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने व पार्टी की नीतियों के प्रचार व प्रसार को लेकर लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर भी



विचार-विमर्श किया गया। मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के कुशल नेतृत्व में भाजपा हरियाणा संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति से कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है और संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्राप्त होगी। डॉ. अर्चना गुप्ता का सरल व्यक्तित्व, कर्मठ कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण उन्हें एक प्रभावशाली नेतृत्वकर्ता बनाता है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश में जनहित और राष्ट्रहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी।

## पंछी ने लोगों से वाहन-मुक्त बुधवार अभियान में भाग लेने की अपील की

**चंडीगढ़, 3 जून मैनपाल**
चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेक्टर-17 के अध्यक्ष एवं एडमिनिस्ट्रेटर एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य श्री कमलजीत सिंह पंछी ने वाहन-मुक्त बुधवार अभियान के समर्थन में आज अपने निवास स्थान से अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान तक इलेक्ट्रिक स्कूटर से आने-जाने का निर्णय लिया है। श्री पंछी ने कहा कि उन्हें इस पहल की प्रेरणा भारत के माननीय प्रधानमंत्री एवं पंजाब के माननीय राज्यपाल-सह-प्रशासक, यू.टी. चंडीगढ़ के आह्वान और दूरदर्शी सोच से मिली है

# मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दिशा-निर्देश दिए

**पुनरीक्षण**

**आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया हुआ है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से उपायुक्तों एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ एक बैठक लेते हुए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण



कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों एवं तैयारियों की जानकारी करते हुए इस कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया हुआ है और इस कार्यक्रम के तहत बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम के दृष्टिगत 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे करेंगे और सम्बन्धित मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म वितरित करेंगे। इस फार्म को मतदाता साईन सहित भरना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्य के दृष्टिगत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेने के साथ-साथ सम्बन्धित बीएलओ को प्रशिक्षण दिलवाना सुनिश्चित करवाएं ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का सभी जगहों पर सफलतापूर्वक आयोजन हो सके।उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जो शैडयूल जारी किया गया है उसके तहत कार्य किए जा रहे हैं।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने धावक अनिल कुमार को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में नेपाल में सम्पन्न हुई चैंपियनशिप में उनके जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के गाँव नवाजपुर के अनिल कुमार ने ट्रेक एंड फील्ड प्रतियोगिता में 5 किलोमीटर की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता ,दूसरे नंबर पर नेपाल तीसरे नंबर पर भूटान रहा। धावक अनिल कुमार नवाजपुर को उन्होंने अपने जगाधरी कार्यालय पर सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।धावक अनिल कुमार नवाजपुर ने बताया कि यह चैंपियनशिप नेपाल के पोखरा नाम के शहर में 26 मई से 30 में तक चली, इसके अलावा भी धावक अनिल कुमार विभिन्न प्रतियोगिताओं में बहुत सी बार गोल्ड और रजत पदक प्राप्त कर चुका है।
पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने बताया कि हरियाणा की वर्तमान भाजपा सरकार एवं केन्द्र की भाजपा सरकार खिलाडियों का ज्यादा से ज्यादा हौसला बढाने का काम कर रही है जिससे लगभग हर खेल में हरियाणा के खिलाड़ी पदक प्राप्त कर रहे हैं।

# गांवों में लाइब्रेरी स्थापना की गति में लाएं तेजी, बजट की नहीं आने दी जाएगी कमी : शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने पंचायती राज संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर गति तेज करें और जहां पर जगह उपलब्ध है, वहां पर भवन निर्माण की अनुमानित लागत तैयार करें। इसके अलावा फर्नीचर व पुस्तकों की अनुमानित लागत के बारे में भी जानकारी दें। इस कार्य को प्राथमिकता से लें और जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला की सभी ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करने को लेकर पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारियों की



बैठक में समीक्षा कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि गांवों में लाइब्रेरी स्थापना को लेकर सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रही है। ऐसे में सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें और जिला की सभी 395 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करवाने के कार्य को प्राथमिकता दें। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाए।
उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में भवन उपलब्ध हैं, वहां पर भवन का नवीनीकरण किया जाए और फर्नीचर तथा पुस्तक जल्द से जल्द उपलब्ध करवाई जाए। इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।
बैठक में डीडीपीओ कंचनलता ने बताया कि जिला में 131 ग्राम पंचायतों में पहले से ही लाईब्रेरी स्थापित हैं, 264 में लाइब्रेरी स्थापित करवाना शेष है। इनमें से 109 में भवन उपलब्ध है, जिनके नवीनीकरण की अनुमानित लागत लगभग 6 करोड़ 82 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि 155 ग्राम पंचायतों में भवन उपलब्ध नहीं है लेकिन 100 ग्राम पंचायतों में जगह उपलब्ध है। इस पर डीसी ने निर्देश दिए कि इन 100 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी भवन की अनुमानित लागत जल्द से जल्द तैयार की जाए और शेष 55 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी भवन के लिए जगह की तलाश जारी रखें।
डीसी ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि डी.प्लान के तहत एससीध्बीसी चौपाल के निर्माण व मरम्मत कार्य को लेकर अपने.अपने ब्लॉकों की सूची जल्द तैयार की जाए और उसे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिला में चल रहे नए तालाबों के निर्माण कार्य को भी 15 जून तक अवश्य पूरा किया जाए और उसकी जियो टैग फोटो उपलब्ध करवाई जाए। उन्होंने पंचायती राज विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि इंद्री में बन रहे स्विमिंग पूल के निर्माण कार्य को भी जून माह में अवश्य पूरा किया जाए।
बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, डीडीपीओ कंचनलता, डिप्टी सीईओ रोजी रंगा, परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार, जिला परिषद के कार्यकारी अभियंता प्रदीप धीमान तथा सभी बीडीपीओ अधिकारी मौजूद रहे।

# अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक, अजीत सचदेवा को सौंपी रिटायर्ड ऑफिसर्स विंग की कमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**फतेहाबाद, 3जून :**
ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी की बैठक अनाज मंडी स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश चुघ ने की, जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा ने कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।
बैठक के दौरान संगठन को मजबूती देने के लिए जिला और विधानसभा स्तर पर विभिन्न विंग की कार्यकारिणी का विस्तार किया



गया और नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई।
संगठन के विस्तार के तहत रिटायर्ड ऑफिसर्स विंग की जिला कार्यकारिणी की कमान स. अजीत सिंह सचदेवा को सौंपी गई है, जिन्हें जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अशोक छाबड़ा और भगवान सिंह को जिला उपाध्यक्ष तथा राजकुमार मेहता व अशोक मक्कड़ को जिला सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई है। जिला फतेहाबाद के लिए सुभाष मेहता को भी जिला सलाहकार नियुक्त किया गया है।

## न्यूज फ्लैश

### रतिया के महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हॉस्पिटल में जयपुर के प्रसिद्ध एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ की सेवाएं शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया,3 जून :** क्षेत्र के लोगों को सस्ती दरों पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हॉस्पिटल ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब अस्पताल में जयपुर के प्रतिष्ठित सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल के वरिष्ठ एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. एल.सी. यादव आज से प्रतिदिन अपनी सेवाएं देंगे। इससे मरीजों को बड़े शहरों में जाने की बजाय स्थानीय स्तर पर ही अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह और उपचार का लाभ मिल सकेगा।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने बताया कि डॉ. एल.सी. यादव ने अपनी सेवाएं शुरू कर दी है तथा वह अब अस्पताल में नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगे। इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हॉस्पिटल का उद्देश्य आमजन को न्यूनतम खर्च पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसी सोच के तहत अब एसएमएस जयपुर जैसे देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान से जुड़े अनुभवी विशेषज्ञ की सेवाएं रतिया में उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि डॉ. यादव मेडिसिन क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ हैं तथा हृदय रोग, मधुमेह, थायराइड, सभी प्रकार के बुखार, जहर से संबंधित मामलों, लकवा, काला पीलिया तथा मस्तिष्क संबंधी बीमारियों के उपचार में विशेष अनुभव रखते हैं। इसके अतिरिक्त गंभीर इमरजेंसी और ट्रॉमा मामलों को संभालने में भी उनकी विशेष दक्षता है।

प्रमोद बंसल ने कहा कि अस्पताल लगातार प्रयास कर रहा है कि रतिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बड़े शहरों जैसी चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हों। डॉ. एल.सी. यादव की सेवाएं शुरू होने से मरीजों को विशेषज्ञ उपचार के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी तथा समय और धन दोनों की बचत होगी। उन्होंने बताया कि बड़ी नहर के पास स्थित महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल हॉस्पिटल में आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए किफायती दरों पर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

### सीटीएम हिमांशु चौहान ने बताया योग से स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश देगा 7 जून को आयोजित होने वाला योगाभ्यास कार्यक्रम

**हांसी(दिनकर गावड़ी):झ्र अंतरराष्ट्रीय** योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हांसी के एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा विधायक विनोद भयाना, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु तथा भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक सैनी भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

सीटीएम हिमांशु चौहान ने बताया कि जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम प्रातः 6:30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में नागरिक भाग लेंगे। सीटीएम ने बताया कि कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा, समर्पण और समयबद्धता के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

उन्होंने बताया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) को कार्यक्रम का नोडल विभाग नियुक्त किया गया है। नोडल विभाग द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। योगाभ्यास के लिए बैठक व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सहित अन्य आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। सीटीएम हिमांशु चौहान ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी भी भाग लेंगे और सामूहिक योगाभ्यास करेंगे। योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# बहल के उद्योगपति गजानंद ने हरियाणा सरकार के साथ किया निवेश समझौता

**भागीदारी**

**मेक इन हरियाणा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में जी.एस. ग्लोबल की सक्रिय भागीदारी**




**बहल(रणबीर खटक)** गुरुग्राम में आयोजित मेक इन हरियाणा निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम के दौरान बहल के प्रतिष्ठित उद्योगपति गजानंद अग्रवाल ने हरियाणा सरकार के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मैसर्स जी.एस. ग्लोबल की ओर से राज्य में औद्योगिक निवेश एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता जताई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा नए निवेशकों को आकर्षित करना था। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार उद्योगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। नई औद्योगिक नीतियों के माध्यम से प्रदेश को देश के अग्रणी निवेश केंद्रों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उद्योग जगत से जुड़े अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गजानंद अग्रवाल ने कहा कि हरियाणा की उद्योग हितैषी नीतियां निवेशकों का विश्वास बढ़ा रही हैं और इससे क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल परिवार के सदस्य एवं कंपनी प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस समझौते को बहल क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसरों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालो के खिलाफ हो कड़ी कार्यवाही: रवि आहूजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार (दिनकर गावड़ी): जेजेपी** जिला प्रवक्ता व पूर्व प्रत्याशी हिसार विधानसभा रहे रवि आहूजा ने बयान जारी कर कहा समाज के किसी भी वर्ग अथवा समुदाय के लोगों के लिए ₹पाकिस्तानी₹, ₹रिफ्यूजी₹ अथवा अन्य अपमानजनक एवं जातिसूचक शब्दों के प्रयोग पर गहरी आपत्ति व्यक्त करते हुए ऐसे कृत्यों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

किसी भी नागरिक को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि अथवा समुदाय के आधार पर अपमानित करने वाले शब्दों से संबोधित करना न केवल असंवैधानिक है,बल्कि सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता के लिए भी घातक है। उन्होंने कहा कि हाल ही में शहर के एक यू-ट्यूबर को धमकी देते हुए इस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि कुछ असामाजिक एवं असभ्य तत्व समय-समय पर ऐसे शब्दों का प्रयोग कर समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास करते रहते हैं। रवि आहूजा ने कहा कि पूर्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा वर्तमान में केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री का दायित्व निभा रहे एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के लिए भी ऐसे अशोभनीय शब्दों का उपयोग किया जा चुका है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक मयार्दाओं तथा सभ्य संवाद की परंपरा के पूर्णतः विपरीत है।

## सीमावर्ती राज्य में पेट्रोल व डीजल ले जाकर पुनः बिक्री करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (रणबीर खटक)**
जिले में हाई स्पीड डीजल (एचएसडी) एवं मोटर स्पिरिट (पेट्रोल) की असामान्य रूप से अधिक बिक्री तथा अनाधिकृत अंतरराज्यीय आवाजाही पर रोक लगाने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल की अध्यक्षता में पेट्रोल पंप संचालकों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी सुखबीर सिंह, डीएफएससी हरवीर सिंह, खाद्य आपूर्ति अधिकारी भूपेश गोयल, पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान ज्ञानचंद मेहता, सहित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल तथा विभिन्न पेट्रोल पंप संचालकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।
बैठक के दौरान जिले से अन्य राज्यों में पुनः बिक्री के लिए ड्रम इत्यादि में डीजल व पेट्रोल की बिक्री तथा इनके अनाधिकृत परिवहन को रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई।

राजस्थान की सीमा से सटे क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के साथ-साथ नाकेबंदी करने का निर्णय लिया गया। एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संदिग्ध बिक्री और परिवहन गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाए तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।
अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कहा कि यदि कोई पेट्रोल पंप संचालक दूसरे राज्य में पुनः बिक्री के लिए तेल की बिक्री करता है या बल्क में तेल बेचता पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। एडीसी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है तथा आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। इसलिए नागरिक अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें।

## सड़क दुर्घटना में होमगार्ड जवान की मौत, दो घायल

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका सदर थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक होमगार्ड जवान की मौत हो गई, जबकि दो अन्य जवान घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार करीब तीन बजे तीन होमगार्ड जवान कार में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बॉडी कोठी के पास स्थित पुलिया पर कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में राजकुमार निवासी फिरोजपुर झिरका की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं महेश निवासी फिरोजपुर झिरका के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि आरिफ निवासी रावली को मामूली चोटें लगी हैं।

## मथुरा में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई, ई-रिक्शा चार्जिंग और आरओ प्लांट पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** शहर के दरेसी क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विद्युत विजिलेंस और शहरी रेड्स की संयुक्त टीम ने मनोहरपुरा इलाके में सात स्थानों पर छापेमारी कर कई मामलों का खुलासा किया। कार्रवाई के दौरान एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा अवैध रूप से बिजली चोरी कर चार्ज होते मिले, जबकि एक आरओ प्लांट भी डायरेक्ट कनेक्शन से संचालित पाया गया।
टीम ने मौके से अवैध केबलों को जब्त कर लिया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी कराई। अचानक हुई



इस चेकिंग से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और गड़बड़ी करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला।
बताया जा रहा है कि पिछले कुछ समय से दरेसी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर खराब होने, बार-बार फॉल्ट आने और केबल जलने की शिकायतें मिल रही थीं। इस फीडर पर अधिक लोड होने के कारण बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता ने समीक्षा बैठक में सुधार के निर्देश दिए थे।
इसी क्रम में एसई शहरी मुदित तिवारी के निर्देश पर विजिलेंस प्रभारी अरुण कुमार, एई रेड्स सतेन्द्र, जेई किशन, जेई पवन और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई अन्य स्थानों पर भी बिजली चोरी के मामले सामने आए।
अधिकारियों ने बताया कि पहले भी इस क्षेत्र में कई बार अभियान चलाया जा चुका है, जिसमें आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं।

# बरसात के बाद खेतों में बढ़ी रौनक, खरीफ फसलों की बुवाई में जुटे किसान

**तैयारियां तेज**

**पर्याप्त नमी के चलते इस बार खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है।**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले में हाल ही में हुई बारिश के बाद किसानों ने खरीफ सीजन की तैयारियां तेज कर दी हैं। आषाढ़ माह की शुरूआत के साथ ही खेतों में रौनक लौट आई है और किसान ज्वार, बाजरा, ग्वार तथा कपास जैसी खरीफ फसलों की बुवाई में जुट गए हैं। बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आने के कारण बुवाई के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं, जिससे किसानों के चेहरों पर उत्साह साफ दिखाई दे रहा है।किसानों का कहना है कि लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार किया जा रहा था। हाल ही में हुई वर्षा ने खेतों की मिट्टी में नमी बढ़ा दी है, जिससे फसलों की शुरूआती बढ़वार बेहतर होने की उम्मीद है। कई किसानों ने अपने खेतों की जुताई और बुवाई का कार्य शुरू कर दिया है, जबकि कुछ किसान मौसम को देखते हुए तैयारियों में जुटे हैं।खरीफ सीजन की शुरूआत के साथ ही क्षेत्र की बीज विक्रेताओं की दुकानों पर भी किसानों की भीड़ देखने को मिल रही है। किसान विभिन्न फसलों के प्रमाणित बीज खरीद रहे हैं ताकि अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सके।
बीज विक्रेताओं के अनुसार पिछले कुछ दिनों में बीजों की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।बीज विक्रेता विवेक मंगला ने बताया कि बारिश के बाद लगातार किसान उनकी दुकान पर पहुंच रहे हैं और ज्वार, बाजरा, ग्वार, कपास सहित विभिन्न फसलों के बीज खरीद रहे हैं। किसानों में खरीफ सीजन को लेकर काफी उत्साह है और वे समय पर बुवाई पूरी करने का प्रयास कर रहे हैं।वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए समय पर बुवाई करने तथा केवल प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीजों का उपयोग करने की सलाह दी है।
विशेषज्ञों का कहना है कि सही समय पर बुवाई और उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्र में अनुकूल मौसम और पर्याप्त नमी के चलते इस बार खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई जा रही है।

## बकाया कर मामलों के समाधान के लिए व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए एकमुश्त निपटान योजना-2026 लागू की गई है जिसका उद्देश्य विभिन्न कर अधिनियमों के अंतर्गत लंबित बकाया कर मामलों का निपटान करना तथा अदालतों में लंबित विवादों को कम करना है। यह योजना एक जून से 28 सितंबर तक लागू रहेगी। योजना के तहत सात कराधान अधिनियमों के अंतर्गत निर्धारित बकाया देय राशियों के निपटान का प्रावधान किया गया है। जिन करदाताओं पर किसी संबंधित अधिनियम के तहत किसी एक वर्ष में एक लाख रुपये तक का कर बकाया है, उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे मामलों में संबंधित वर्ष का पूरा कर, ब्याज और जुमार्ना स्वतः माफ कर दिया जाएगा।
उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त अंजू सिंह ने बताया कि कोई भी पात्र करदाता किसी भी अधिनियम के अंतर्गत किसी भी वर्ष के बकाया कर के निपटान के लिए आवेदन कर सकता है। विशेष रूप से हरियाणा सामान्य बिक्री कर अधिनियम, 1973 के अंतर्गत पुराने बकाया मामलों में एक लाख रुपये से अधिक कर बकाया वाले मामलों को 70 प्रतिशत तक कर छूट प्रदान की जाएगी, जबकि ब्याज एवं जुमार्ना राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।
उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त अंजू सिंह ने व्यापारियों से अपील की कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाकर अपने पुराने कर विवादों और बकाया मामलों का निपटान करें।

## पूर्व सैनिकों की बेटियों की शादी पर सरकार दे रही एक लाख रुपये की सहायता राशि

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा पूर्व सैनिकों के परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। हवलदार रैंक तक भूतपूर्व सैनिक अथवा उनकी विधवा आश्रित पुत्री की शादी अनुदान योजना के तहत बेटियों के विवाह पर एक लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं।
योजना के अनुसार आश्रित पुत्री, जिसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो, इस अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकती है। यह सहायता अधिकतम दो पुत्रियों तक प्रदान की जाती है।
विभाग के अनुसार इस योजना का उद्देश्य पूर्व सैनिकों के परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर सहयोग देना है।

## सैनिक विपिन शर्मा की शहादत पर प्रियंका गांधी ने किया शोक व्यक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**
**मथुरा ।** भारतीय सेना की आर्मी मेडिकल कोर में तैनात राया ब्लाक के पिरसुआ गांव निवासी जवान विपिन शर्मा जी के आकस्मिक निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी की महासचिव सांसद प्रियंका गांधी ने गहरा शोक व्यक्त किया है।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने गांव पिरसुआ पहुंचकर शहीद विपिन शर्मा को श्रद्धांजलि दी व सांसद प्रियंका गांधी द्वारा भेजे गए शोकपत्र को शहीद विपिन शर्मा जी के परिजनों को सौंपा। श्रीमती गांधी



ने भेजे गए शोकपत्र के माध्यम से कहा है कि विपिन शर्मा जी की शहादत का समाचार सुनकर अत्यंत दुख हुआ है। एक बहादुर सैन्य कर्मी के रूप में श्री विपिन शर्मा जी मथुरा समेत पूरे देश का गौरव थे। देश के प्रति पूरी निष्ठा एवं समर्पण से उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते हुए शहादत दी है,पूरा देश शहीद विपिन शर्मा एवं उनके समस्त परिवार के प्रति सदैव ऋणी रहेगा
ईश्वर से प्रार्थना करती हूं दिवंगत आत्मा को अपनी श्री चरणों में स्थान दें एवं परिवार समेत आपको यह दुख सहने की शक्ति दें दुख की कठिन घड़ी में कांग्रेस परिवार की संवेदनाएं आपके साथ है।
मुकेश धनगर ने जिला प्रशासन द्वारा शहीद को सम्मान ना देने पर आरोप लगाते हुए कहा कि देश की सेवा में लगे जवान अपने परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निभाते हैं ऐसे में उनका निधन हो जाना पीड़ा दायक है लेकिन शहीद विपिन शर्मा का पार्थिव शरीर जब गांव पहुंचा तो जिला प्रशासन का एक भी व्यक्ति अंत्येष्टि में नहीं पहुंचा।

## दुष्कर्म पीड़िता आत्महत्या मामला: सर्व समाज ने सरकार को दिया तीन दिन का अल्टीमेटम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
जिले के थाना बिछोर क्षेत्र में कथित सामूहिक दुष्कर्म के बाद एक युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग लगातार तेज होती जा रही है। इस मामले में जहां विपक्ष सरकार पर सवाल उठा रहा है, वहीं अब सर्व समाज के लोग भी खुलकर पीड़ित परिवार के समर्थन में सामने आ गए हैं। बुधवार को बड़ी संख्या में लोग नूंह अनाज मंडी में एकत्रित हुए, जहां बैठक आयोजित कर मामले को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद सर्व समाज के लोगों ने पैदल मार्च करते हुए जिला मुख्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री और



प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।
ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल एडवोकेट गुलाम नबी आजाद ने बताया कि घटना को लगभग 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि समाज के लोग लगातार पुलिस अधिकारियों से मिलकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, लेकिन मामले में अपेक्षित गंभीरता दिखाई नहीं दे रही है। इसी कारण सर्व समाज की ओर से सरकार को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है।
उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही चंडीगढ़ जाकर वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर जंतर-मंतर पर भी प्रदर्शन किया जा सकता है। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि यह मामला पूरे मेवात क्षेत्र की संवेदनाओं से जुड़ा हुआ है और समाज के सभी वर्ग पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गोल्डी शर्मा ने भी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।
उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं के दोषियों को कानून के अनुसार कठोर सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार के अपराधों पर रोक लग सके। ज्ञापन देने पहुंचे अन्य लोगों ने कहा कि युवती के साथ जो हुआ, उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उनका कहना था कि पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर रोष व्याप्त है और लोग न्याय की मांग को लेकर एकजुट हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि 18 मई को युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म किया गया था और उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया गया। इसी मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## रतिया में कपड़ा वर्करों ने गठित की यूनियन, रविवार को साप्ताहिक अवकाश की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 3जून :**
कपड़ा व्यापार प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों ने रतिया में एकजुटता का परिचय देते हुए ₹कपड़ा वर्कर यूनियन रतिया₹ का गठन किया। यूनियन ने दुकानदारों से आग्रह किया है कि वे कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक अवकाश की परंपरा पुनःआरंभ करें।
यूनियन सदस्यों का कहना है कि निरंतर कार्य से कर्मचारियों को परिवार और बच्चों के साथ समय बिताने का अवसर नहीं मिल



पाता। सप्ताह में एक दिन का अवकाश न केवल शारीरिक थकान दूर करेगा,बल्कि मानसिक सुकून भी देगा। पहले शहरों में रविवार को बाजार बंद रखने की परंपरा थी,जिससे कर्मचारियों और व्यापार दोनों को संतुलन मिलता था।
यूनियन ने कपड़ा व्यापारियों और दुकान संचालकों से अपील की कि वे इस रविवार से ही सभी कपड़ा दुकानों पर कार्यरत कर्मचारियों को रविवार का अवकाश प्रदान करें। यूनियन का मानना है कि इस पहल से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और कार्यक्षमता में भी सुधार होगा।

# डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने दी शुभकामनाएं

## महिलाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाने की भाजपा की सोच का प्रतीक है यह निर्णय : गौरव गौतम

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने डॉ. अर्चना गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई मजबूती प्राप्त होगी। उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं नेतृत्व कौशल का लाभ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज को भी मिलेगा।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. अर्चना गुप्ता अपनी नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य एवं



उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रदेश के विकास एवं जनसेवा के कार्यों में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहेगा।

गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में महिलाओं को नेतृत्व के अवसर लगातार प्रदान किए जा रहे हैं। डॉ. अर्चना गुप्ता की नियुक्ति महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने तथा उन्हें निर्णय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका देने की भाजपा की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिलाओं को संगठन और सरकार में सम्मानजनक भागीदारी देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। महिला प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा पार्टी प्रदेशभर में और अधिक मजबूती के साथ जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाएगी। खेल मंत्री ने कहा कि नए संगठनात्मक नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश में महिलाओं और युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध होंगे तथा उन्हें संगठन की मुख्यधारा से जोडकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन हमेशा युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता देता रहा है। गौरव गौतम ने आशा व्यक्त की कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होकर समाज हित, जनकल्याण तथा राष्ट्र निर्माण के कार्यों को नई गति प्रदान करेगा।

# चानौत गांव वासियों पर दर्ज मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं : राजेन्द्र सोरखी

**हांसी(दिनकर गावड़ी):** आम आदमी पार्टी ने गांव चानोत के 31 लोगों पर पुलिस द्वारा मुकदमे दर्ज किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है तथा इसके लिए प्रशासन व सरकार की हठधर्मिता को जिम्मेवार बताया है। पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि पिछले लगभग 20 दिनों से इतनी गर्मी में पानी की मांग को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को उनकी मूलभूत जरूरत पानी की समस्या तो दूर की नहीं जा सकी बल्कि उन्हें परेशान करने के लिए पुलिस केस तक दर्ज कर दिए गए ताकि और तंग किया जा सके।

राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हांसी हलके के विधायक अपने हल्का वासियों को उनकी मूलभूत जरूरत पानी की मांग को पूरा करने में नाकाम रहे हैं चानोत गांव वासियों को जब अपनी पानी की मांग को लेकर सड़कों पर आना पड़ा तो उन्हें प्रताड़ित करने के लिए उन पर पुलिस केस दर्ज करवा दिए गए।



आम आदमी पार्टी ने कहा कि इतनी भीषण गर्मी में पानी हर किसी की मूलभूत जरूरत है और हलके का प्रतिनिधि होने के नाते विधायक की जिम्मेवारी भी बनती है। अपनी जिम्मेवारी पूरी न करने पर गांव वासियों ने विधायक को खरी-खोटी भी सुनाई। इसके बाद भी समस्या का कोई हल नहीं निकाला गया। राजेन्द्र सोरखी ने चेतावनी देते हुए कहा कि चानोत गांव वासियों पर दर्ज हुए मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं तथा जल्द से जल्द उनकी पानी की मांग को पूरा किया जाए अन्यथा पार्टी गांव वासियों के साथ हर आंदोलन में सक्रियता से भाग लेगी।

## न्यूज फ्लैश

### बाइक सवार युवक 11 ग्राम 910 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा,(शुभम खटक)** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को 11 ग्राम 910 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को गश्त के दौरान रोड़ी क्षेत्र के बांदर पत्ती से काबू किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल के प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान हरप्रीत सिंह उर्फ बग्गा पुत्र बलदेव सिंह निवासी बांदर पत्ती रोड़ी, जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम नियमित गश्त के दौरान रोड़ी से गांव बांदर पत्ती की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से बाइक पर सवार एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस वाहन को देखकर युवक ने अचानक बाइक मोड़कर वहां से निकलने का प्रयास किया, जिससे पुलिस को उस पर संदेह हुआ। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को काबू कर लिया तथा राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में नियमानुसार उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 11 ग्राम 910 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया तथा उसके खिलाफ थाना रोड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्रभारी ने बताया कि मामले की आगामी जांच थाना रोड़ी पुलिस को सौंप दी गई है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। रिमांड अवधि के दौरान उससे पूछताछ कर हेरोइन तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ भी नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए शुद्ध मतदाता सूची जरूरी : एसडीएम भूपेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय पलवल द्वारा बुधवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पलवल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर के मार्गदर्शन तथा एसडीएम पलवल भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारियों) को मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर जितेश, रामबीर मान सिंह, सुपरवाइजर निशांत सिंह तथा डीआई जगबीर सिंह ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन करते हुए बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

### डीएस ग्रुप ने 18 गांवों में शुरू किया मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान

**करनाल।** प्रमुख एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2026 के अवसर पर एक बड़ा समुदाय-आधारित जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसके तहत हरियाणा के करनाल स्थित बरोटा और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर क्षेत्र के पुरकाजी सहित कुल 18 गांवों को कवर किया जाएगा। इस सामाजिक पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों के लिए मासिक धर्म से जुड़ी जागरूकता, आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और निवारक स्वास्थ्य सहायता को बेहतर बनाना है। इस अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए डीएस ग्रुप एक विशेष 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स' (टीओटी) कार्यक्रम के माध्यम से 30 जागरूक दीदी तैयार कर रहा है। एप्रन और फ्लिप चार्ट जैसी सूचना, शिक्षा व संचार (आईईसी) सामग्री से लैस ये प्रशिक्षित दीदियां गांव स्तर पर विशेष सत्र आयोजित कर मासिक धर्म स्वच्छता और स्वस्थ आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाएंगी। यह अभियान मात्र एक महीने की समय-सीमा के भीतर सीधे तौर पर लगभग 4,500 किशोरियों और महिलाओं तक अपना महत्वपूर्ण स्वास्थ्य व जागरूकता संदेश पहुँचाएगा। डीएस ग्रुप के जनरल मैनेजर (सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर) प्रभाकांत जैन ने कहा, समावेशी सामुदायिक विकास के प्रति ग्रुप की प्रतिबद्धता के अनुरूप, इस पहल का उद्देश्य जमीनी स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और महिला नेताओं को अपने गांवों में बदलाव के वाहक के रूप में सशक्त बनाना है। ह्यजागरूक दीदीह्न मॉडल के माध्यम से हम 18 गांवों में लगभग 4,500 महिलाओं और किशोरियों तक पहुंचकर निवारक स्वास्थ्य जागरूकता को मजबूत करने की उम्मीद करते हैं। यह पहल गांव स्तर पर एक स्थायी सहायता प्रणाली विकसित करने का भी लक्ष्य रखती है।

### कारोबारी पर जानलेवा हमला करवाने वाला मुख्य आरोपी मोनू समेत चार गिरफ्तार

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)-** शाहाबाद में मिट्टी कारोबारी सुनील कुमार उर्फ बंटी पर हुई फायरिंग के मामले में कुरुक्षेत्र पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कारोबारी प्रतिद्वंद्विता और पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने पहले पीड़ित की रेकी की और फिर योजनाबद्ध तरीके से उस पर जानलेवा हमला करवाया। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए डीएसपी मुख्यालय सुनील कुमार ने बताया कि 31 मई 2026 की रात शाहाबाद के जलेबी पुल के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा एक व्यक्ति को गोली मारने की सूचना मिली थी। गोली लगने से घायल हुए सुनील कुमार उर्फ बंटी निवासी तंगौर (हाल निवासी शाहाबाद) को पहले शाहाबाद के अस्पताल में ले जाया गया और बाद में गंभीर हालत के चलते मोहाली के अस्पताल में रेफर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीन ऑफ क्राइम टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पीड़ित के साथी संजीव कुमार निवासी पाडलू की शिकायत पर थाना शाहाबाद में हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए शुद्ध मतदाता सूची जरूरीः एसडीएम भूपेंद्र सिंह

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को लेकर बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय पलवल द्वारा बुधवार को पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पलवल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर के मार्गदर्शन तथा एसडीएम पलवल भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारियों) को मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान की गई।

मास्टर ट्रेनर जितेश, रामबीर मान सिंह, सुपरवाइजर निशांत सिंह तथा डीआई जगबीर सिंह ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन करते हुए बीएलओ को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।



**-पात्र मतदाताओं का पंजीकरण और त्रुटिरहित सूची तैयार करना प्राथमिकता**

**-आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के दिए निर्देश**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर ने बताया कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने बीएलओ से आह्वान किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन करें तथा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं को जागरूक करने, नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने, दावों एवं आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा बूथ स्तर पर प्रभावी समन्वय बनाए रखने की जिम्मेदारी बीएलओ की है। उन्होंने सभी अधिकारियों से ईमानदारी और समर्पण के साथ एसआईआर प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने का आह्वान किया।

**-होडल और हथीन में भी आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम**

**-मास्टर ट्रेनर्स ने बीएलओ की जिज्ञासाओं का किया समाधान**

एसडीएम भूपेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पलवल उपमंडल के बाद होडल के बीएलओ को 5 जून को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएमएसएसएसएस) होडल तथा हथीन के बीएलओ को 8 जून को राजकीय महाविद्यालय, हथीन में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स ने बीएलओ की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें मतदाता सूची के अद्यतन, नए मतदाताओं के नाम जोडने, मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नवीन प्रावधानों, डिजिटल प्लेटफॉर्म एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बूथ स्तर पर कार्यरत अधिकारियों की क्षमता को मजबूत बनाना तथा आगामी पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी, पारदर्शी एवं सफल बनाना है, ताकि जिले के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में तहसीलदार दिनेश व कानूनगो जितेंद्र भी मौजूद रहे।

### बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था के बीच हादसों को न्योता देते चौराहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** किसी भी शहर की विकास यात्रा में वहां की यातायात व्यवस्था एक महत्वपूर्ण पैमाना होती है। लेकिन शिक्षा के हब के रूप में विख्यात महेंद्रगढ़ शहर में यातायात प्रबंधन आज भी दशकों पुरानी व्यवस्था के भरोसे हैं। शहर के मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइटों का अभाव और लगी हुई लाइटों की बदहाली न केवल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रही है, बल्कि आम जनमानस के लिए जानलेवा साबित हो रही है।

बता दें कि दशकों पहले नगर पालिका प्रशासन ने शहर के प्रमुख राव तुलाराम चौक पर ट्रैफिक लाइटें लगवाई थीं, ताकि यातायात को सुचारू रूप से चलाया जा सके। लेकिन देखरेख के अभाव और प्रशासनिक उपेक्षा के कारण आज ये लाइटें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। कई खंभे तो जंग खाकर गिर चुके हैं और जो कुछ खड़े हैं, वे केवल बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। इन 'मूक' खंभों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रशासन ने एक बार पैसा लगाने के बाद दोबारा उनकी सुध लेना मुनासिब ही नहीं समझा।

महेंद्रगढ़ आज केवल एक कस्बा नहीं, बल्कि पूरे हरियाणा और आसपास के राज्यों के लिए 'शिक्षा की राजधानी' बनकर उभरा है। बीते दो दशकों में यहां हजारों की संख्या में विद्यार्थी दादरी, रेवाड़ी, लोहारू-सतनाली और नारनौल व आसपास के क्षेत्रों से प्रतिदिन आते हैं।

# केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं को राजनीति में मजबूत प्रतिनिधित्व देने की नीति के बीच कलायत में ब्लाक समिति की महिला चेयरपर्सन के खिलाफ राजनीति साजिश आई सामने

**रणदीप धानियां,कलायत।** नए सत्र में विकास कार्यों की प्लानिंग के साथ-साथ सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों को गतिमान करने के लिए बुधवार को बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित होने वाली ब्लाक समिति की बैठक फिर से टल गई। ब्लाक समिति चेयरपर्सन एवं बालू मंडल भाजपा की उपाध्यक्ष ज्योति धानियां निर्धारित समय तक 14 सदस्यों के साथ बैठक शुरू होने के लिए बीडीपीओ का इंतजार करती रही। चेयरपर्सन ने बताया कि इससे पहले 26 मई को बैठक होनी थी। सियासी दुर्भावना के कारण यह बैठक सफल नहीं हो पाई। ब्लाक समिति सदस्यों ने आरोप लगाया कि कुछ ऐसे चेहरे हैं जो भाजपा में रहते हुए पार्टी की हर स्तर पर जड़ें खोखली करने में लगे हैं। निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए ये कलायत के विकास में रोड़ा पर रोड़ा अटकाते आ रहे हैं। ब्लाक समिति अध्यक्ष ज्योति धानियां ने कहा कि बीडीपीओ कार्यालय द्वारा इस नए सत्र में विकास कार्यों की प्लानिंग की बैठक का दूसरी बार सभी ब्लाक समिति सदस्यों को नोटिस मिला। बैठक के अनुरूप सदस्यों का कोरम भी पूरा मौजूद रहा पर अधिकारी बैठक लेने के लिए दोनों बार ही नहीं आए। यह ग्रामीण विकास के प्रति उचित सोच नहीं है। जयभगवान कमालपुर ने कहा कि बैठक में विकास कार्यों को लेकर चर्चा होनी थी। 14 सदस्य बैठक में शामिल होने के लिए मौके पर पहुंचे पर बीडीपीओ व अन्य संबंधित अधिकारी बैठक लेने के लिए पहुंचे ही नहीं। उन्होंने कहा कि सदस्य बार बार बीडीपीओ को फोन करते रहे पर अधिकारी ने उनका फोन तक नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के शीर्ष नेताओं तक इस मुद्दे को लेकर



जाएंगे। खंड की स्थिति से उनको अवगत करवाएंगे। वार्ड 4 प्रतिनिधि कुशल पाल बात्ता ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार विकास कार्यों को रफ्तार देने की सोच लिए है। लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो विकास कार्यों में रुचि नहीं रखते। चेयरपर्सन ज्योति धानियां ने बताया कि बैठक में डा.दर्शन सिंह, रामभूल, शिवानी देवी, पिंकी, कुशलपाल, दिनेश, प्रदीप बिरजू, जयभगवान, सुभाष चंद्र, पताशो देवी, कविता देवी, राजेश कुमार, रीना देवी व अन्य सदस्य



मौजूद रहे। सदस्यों का प्रयास रहा हकि समिति की बैठकों का नियमित और सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जाए। ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों।

**पहले भाजपा व जजपा में हुई थी प्रधान व उप प्रधान को लेकर खींचतानः** पंचायती राज आम चुनाव के उपरांत ब्लाक समिति प्रधान व उप प्रधान के लिए भाजपा और जजपा के बीच खूब राजनैतिक उठापटक चली थी। आखिरकार इसमें भाजपा को सफलता मिली।

लेकिन अब जिस प्रकार ब्लाक समिति में कायम भाजपा के दुर्ग को पार्टी की गुटबाजी कमजोर करने में लगी है वह भाजपा शीर्ष नेतृत्व के लिए विमर्श का विषय है। क्योंकि जिस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में महिलाओं को राजनीति में आरक्षण देने का प्रयास चल रहा है उस बीच चेयरपर्सन ज्योति धानियां के खिलाफ साजिशों का हवा मिलना गंभीर विषय है।

**बीडीपीओ ने काल नही की रिसीवः**
कलायत बीडीपीओ रीतू शर्मा से ब्लाक समिति की बैठक को लेकर कई बार-बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने काल रिसिव नहीं की। अब देखना है कि अधिकारी आने वाले समय में इस मामले में क्या रुख स्पष्ट करते हैं।

# प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत जिला में विशेष अभियान जारी

## लोक कल्याण मेलों के माध्यम से रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को मिलेगा ऋण का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल। केंद्र सरकार के निदेर्शानुसार** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्व निधि) योजना के अंतर्गत 01 जून से 30 जून 2026 तक देशभर के सभी शहरी निकायों द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पलवल जिले के शहरी निकायों द्वारा विभिन्न बैंकों के सहयोग से पलवल, होडल एवं हथीन में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिन्हें लोक कल्याण मेला नाम दिया गया है। इन शिविरों में रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को योजना के प्रति



जागरूक करने, नए लाभार्थियों को योजना से जोड?, लंबित आवेदनों का निपटान करने तथा क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र आवेदकों को 15 हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसकी अदायगी अवधि 12 माह से 36 माह तक निर्धारित है। जिला नगर आयुक्त मनीषा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए 27 मई 2026 को बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसके अतिरिक्त 01 जून 2026 को कार्यकारी अधिकारियों एवं अग्रणी जिला प्रबंधक के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा एवं रणनीति तैयार की गई। उन्होंने बताया कि जिले के ऐसे रेहड़ी-पटरी विक्रेता, जो योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त करने के इच्छुक हैं, वे नगर परिषद पलवल, नगर पालिका होडल तथा नगर पालिका हथीन कार्यालय में संपर्क कर अपना आवेदन संबंधित बैंक शाखा में भिजवा सकते हैं।

### मानसून से पूर्व सभी विभाग आवश्यक व्यवस्थाएं करें सुनिश्चितः उपायुक्त

**पलवल।** उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर ने बुधवार को जिला सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में वर्ष 2026 के बाढ़ प्रबंधन संबंधी तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए किए जा रहे प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सीवर, नालों, नहर की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त रखने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन एवं उपकरण तैयार रखने के निर्देश दिए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मंजीत कुमार पुत्र श्री भाले राम पता गांव पोस्ट असवारपुर सोनीपत हरियाणा ने सीटी केस संख्या 379/2018 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मंजीत कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मंजीत कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 379/2018 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः मॉडल टाउन, दिल्ली के उक्त मंजीत कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**हिमांशु सेहलोथ**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**कोर्ट नं.213 (नार्थ)**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/6487/NW/2026

# समीक्षा बैठक: औद्योगिक विकास से बिहार समृद्धि के रास्ते पर बढ़ेगा: मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन, रोजगार सृजन और आधारभूत संरचना के विस्तार को लेकर अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि औद्योगिक विकास ही बिहार को समृद्धि के मार्ग पर आगे बढ़ाएगा और इसके माध्यम से राज्य की आर्थिक एवं सामाजिक तस्वीर बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य बिहार को उद्योग, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। इसके लिए बड़े पैमाने पर औद्योगिक ढांचे का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में 11 मेगा इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाएं तथा सभी 38 जिलों में फूड पार्क विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। इससे कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राज्य में 50 हजार एकड़ का लैंड बैंक तैयार किया जाए। निवेशकों के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक भूमि की उपलब्धता होती है, इसलिए सरकार को इस दिशा में ठोस और दीर्घकालिक योजना बनानी होगी।




उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भूमि चिह्नीकरण और अधिग्रहण की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार को निवेशकों के लिए एक आकर्षक और भरोसेमंद गंतव्य के रूप में विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्राकृतिक संसाधनों, मानव संसाधन और बाजार की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने और उद्योगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की है। उन्होंने अधिकारियों को उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों और उद्यमियों के साथ नियमित संवाद स्थापित करने तथा उनके सुझावों के आधार पर नीतिगत सुधार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि उनका विश्वास सरकार और प्रशासन पर बना रहे। उन्होंने कहा कि उद्योगों की स्थापना और संचालन से संबंधित प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए। बिहार को ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्ल के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों से जुड़ी सभी अनुमतियां, लाइसेंस और अन्य आवश्यक सुविधाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे निवेशकों को प्रोत्साहन मिलेगा और राज्य में नए निवेश आकर्षित होंगे। ग्राम स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल हेते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार और नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ें और रोजगार के अवसर सृजित हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, फार्मा तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्रों में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर तेजी से अमल किया जाए। उन्होंने बिहार में टेक्सटाइल इंडस्ट्रियल सेंटर की स्थापना की दिशा में भी ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया, जिससे राज्य में वस्त्र उद्योग को नई गति मिल सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं की नवाचार क्षमता और उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर नए रोजगार अवसर पैदा किए जा सकते हैं। स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने उद्योगों के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया।

# अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति से कोई समझौता नहीं : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास और उद्यम के लिए सुरक्षा सर्वाधिक जरूरी है। सुरक्षा के बिना न सुशासन आ सकता और न ही समृद्धि आ सकती है। 2017 के बाद से सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ आगे बढ़ी है। इस नीति से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति न मानने वाले जिस बोली-भाषा में समझेंगे, उसी में समझा दिया जाएगा पर उसे नौजवानों के रोजगार पर डकैती नहीं डालने दी जाएगी। सीएम योगी बुधवार को गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के सेक्टर-13 में 42.50 करोड़ रुपये की लागत से बने पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले और पूरे प्रदेश के दूसरे फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण तथा गीडा में सेवायोजित कामगारों के लिए ईडब्ल्यूएस-एलआईजी आवासीय परिसर का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



इस अवसर पर उन्होंने गीडा के विभिन्न सेक्टर्स के लिए करीब 208 करोड़ रुपये के 71 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने ईडब्ल्यूएस व एलआईजी भवन के आवंटियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर औद्योगिक भूमि के आवंटियों को भी मुख्यमंत्री के हाथों आवंटन प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। सीएम ने नाइलिट से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से यूपी ने सुरक्षा का एक मॉडल उपलब्ध कराया है। सुरक्षा के इस मॉडल से औद्योगिक विकास हुआ और लाखों नौजवानों को रोजगार मिला। अकेले गीडा में पिछले कुछ वर्षों में 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। सुरक्षा का माहौल बने बिना यह संभव नहीं था। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि

**सुरक्षा**
**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास और उद्यम के लिए सुरक्षा सर्वाधिक जरूरी**

विकास की प्रक्रिया सतत जारी रहेगी, सुरक्षा सबको मिलेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सबको मिलेगा। पर, किसी ने मनबढ़ई करके गरीबों का हक छीनने की कोशिश की, व्यापारियों को धमकाने का कुत्सित प्रयास किया या बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करने का दुस्साहस किया तो सरकार छोड़ेगी नहीं। ऐसे लोगों को पाताल से भी खोजकर निकाल लाएंगे। यूपी में जीरो टॉलरेंस के भाव से यही कार्य किया जा रहा है।

**सुरक्षा का माहौल बनने से मिले 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव**

सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश में बने सुरक्षा के माहौल से सरकार को 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रस्ताव धरातल पर उतारे जा चुके हैं और 7.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग के लिए तैयार हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा बड़े पैमाने पर हुए निवेश से लाखों लोगों को नौकरी और रोजगार मिला है। एमएसएमई को प्रोत्साहन मिलने से 3 करोड़ लोगों को उनके गांव-क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हुआ है।

**हर जिले के नौजवान को मिली सरकारी नौकरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ ही सरकार ने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

# पंजाब में इस बार बनेगी डबल इंजन की भाजपा सरकार: सीएम नायब सैनी

**दावा**
**ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी: सीएम सैनी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को पंजाब के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों के चंडीगढ़ स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यभार ग्रहण समारोह में पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि सरदार ढिल्लों के नेतृत्व में पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी और पंजाब में भी हरियाणा की तरह डबल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने पंजाब भाजपा कार्यालय में पूजा और अरदास की तथा दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचार आधारित संगठन है, जहां व्यक्ति नहीं बल्कि विचार और राष्ट्रहित सर्वोपरि होते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करता है, जिसके कारण आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब ने देश की सुरक्षा, कृषि, उद्योग और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रदेश की जनता विकास, रोजगार, समृद्धि और सुशासन की आकांक्षा रखती है तथा भारतीय जनता पार्टी इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरदार केवल सिंह ढिल्लों की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी संगठन को पंजाब में नई ऊर्जा, नई दिशा और नई मजबूती मिलेगी तथा जनता के बीच पार्टी की पकड़ और सशक्त होगी।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे संगठन विस्तार को अपना प्रमुख लक्ष्य बनाते हुए गांव-गांव, शहर-शहर और बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों एवं विकास कार्यों को पहुंचाएं।

# राज्यपाल ने 'लखपति दीदी' महिलाओं को किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बुधवार को लोक भवन नैनीताल में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनपद के भीमताल, कोटाबाग, धारी, रामगढ़, हल्द्वानी व रामनगर विकासखंडों की महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए।
राज्यपाल ने इस अवसर पर लकड़ी की बनी कलाकृतियों, ऐपण कला, बेकरी उत्पादों, अचार, जैम, मसालों व विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों का अवलोकन करते हुए महिलाओं की रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता की सराहना की। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा उत्पादन और विपणन गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लखपति दीदी बनी

**अवलोकन**
**नैनीताल में महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा आयोजित उत्पाद प्रदर्शनी का अवलोकन किया**

महिलाओं को सम्मानित भी किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड की मातृशक्ति अपनी मेहनत, लगन और संकल्प के बल पर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल स्थापित कर रही है। महिलाओं की प्रतिभा, नवाचार और आत्मनिर्भरता उत्तराखंड के विकास की मजबूत आधारशिला है।
उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता, प्रस्तुतीकरण और विविधता में उल्लेखनीय सुधार दिखाई दे रहा है।

# अधिकारी की बैठक में पहुंचे फिरहाद, तृणमूल की अंदरूनी खींचतान के बीच बढ़ी सियासी चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में जारी उथल-पुथल के बीच तृणमूल कांग्रेस के कुछ नेता बुधवार को नवान्न में आयोजित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की प्रशासनिक बैठक में शामिल हुए। बैठक में तृणमूल नेता फिरहाद हकीम, कुणाल घोष, नयना बंद्योपाध्याय, अशोक देव समेत कई विधायक मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति को पार्टी के भीतर चल रहे मतभेदों और नेतृत्व संघर्ष के संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नवान्न में कोलकाता, हावड़ा और दक्षिण 24 परगना जिलों को लेकर प्रशासनिक समीक्षा बैठक



आयोजित की गई थी। तृणमूल निष्कासित किए गए तृणमूल विधायक ऋतब्रत बंद्योपाध्याय और संदीपन साहा भी बैठक में शामिल हुए, लेकिन फिरहाद हाकिम, कुणाल घोष और नयना बंद्योपाध्याय जैसे नेताओं की मौजूदगी ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कुणाल घोष ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने हॉकर्स को हटाने की

**समीक्षा**
**नवान्न में दक्षिण 24 परगना जिलों को लेकर प्रशासनिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी**

कार्रवाई में सरकार से अधिक संवेदनशील और लचीला रुख अपनाने का आग्रह किया। साथ ही स्थानीय विधायकों से चर्चा कर समाधान निकालने का सुझाव दिया गया। कुणाल ने यह भी कहा कि चुनाव के बाद राजनीतिक कारणों से तृणमूल कार्यकताओं को कथित रूप से परेशान किए जाने का मुद्दा भी मुख्यमंत्री के सामने रखा गया है। उनके अनुसार, मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से बात करने और मामले पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है। दरअसल, सोमवार को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में उलूबेड़िया पूर्व के विधायक ऋतब्रत बंद्योपाध्याय और एंटाली के विधायक संदीपन साहा को तृणमूल से निष्कासित कर दिया गया था। इसके बाद बुधवार को दोनों नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र सौंपकर ममता बनर्जी को दल की नेता घोषित करने और ऋतब्रत को विपक्ष का नेता बनाने की मांग की। उपनेता पद के लिए सबीना यासमीन, जावेद खान, शिउली साहा और संदीपन साहा के नाम प्रस्तावित किए गए।
इससे पहले ममता बनर्जी ने शोभनदेव चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता नियुक्त किया था, लेकिन पार्टी के भीतर विरोधी गुट ने उस निर्णय को मानने से इनकार कर दिया है। ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बसु के फैसले पर सबकी नजरें टिकी हैं। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने निर्णय के लिए बुधवार शाम तक का समय मांगा है।

# बाबू जगदेव प्रसाद पर बनी फिल्म के प्रदर्शन की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**देवरिया।** बाबू जगदेव प्रसाद के जीवन पर आधारित फिल्म के व्यापक प्रदर्शन की मांग को लेकर विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को बुधवार को सौंपा। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों और जनपदों के सिनेमाघरों में फिल्म के प्रदर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।
उपाध्यक्ष हरेराम आर्य तथा कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विजय कुशवाहा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री अंसारी ने 'मायरा पॉलीक्लिनिक' का किया उद्घाटन

**अत्याधुनिक**
**मौलाना आजाद कॉलोनी में सुविधाओं से सुसज्जित मायरा पॉलीक्लिनिक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को रांची के मौलाना आजाद कॉलोनी में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित मायरा पॉलीक्लिनिक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।



इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस मौके पर कहा कि स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है और राज्य सरकार की प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने मायरा पॉलीक्लिनिक की स्थापना को सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि यह संस्थान केवल इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि मानव सेवा का प्रतीक है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यहां उपलब्ध आधुनिक जांच सुविधाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं तथा 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था क्षेत्र के हजारों परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने संस्थापक डॉ. ताबां रिजवी और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐसी जनहितकारी पहलों को हमेशा प्रोत्साहित करती रहेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि किसी भी समाज का समग्र विकास तभी संभव है, जब उसके नागरिक स्वस्थ हों। उन्होंने महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और वंचित वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने

# हिन्दी पत्रकारिता की गौरवशाली विरासत से प्रेरणा लें युवा: राज्यपाल पटेल

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता का प्रारंभिक काल अत्यंत चुनौती पूर्ण था। कर्मठ पत्रकारों ने ब्रिटिश हुकूमत की अनेक कठिनाईयों के बावजूद पत्रकारिता के आदर्शों और शुचिता को बनाए रखा। हिन्दी पत्रकारिता की इसी गौरवशाली परंपरा से युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। राज्यपाल पटेल बुधवार को ₹हिन्दी पत्रकारिता द्वि-शताब्दी महोत्सव, पुरखों को प्रणाम : पोस्टर प्रदर्शनी₹ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान द्वारा किया गया है।



राज्यपाल ने महान पूर्वजों के स्मरण की अनुकरणीय पहल के लिए संस्थान को बधाई और साधुवाद दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि ऐतिहासिक हिन्दी पत्र-पत्रिकाओं और युग निमार्ता संपादकों की पोस्टर प्रदर्शनी, पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक ले जाने का प्रेरक प्रयास है। प्रदर्शनी का आयोजन, राष्ट्र धर्म और जन सेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाले युग निमार्ता संपादकों के त्याग और समर्पण को सजीव कर दर्शक का मन उन सभी महान विभूतियों की साधना

**शुचिता**
**कर्मठ पत्रकारों ने ब्रिटिश हुकूमत की कठिनाईयों के बावजूद पत्रकारिता के आदर्शों और शुचिता को बनाए रखा**

और समर्पण के प्रति आदर भाव से भर देता है। राज्यपाल पटेल ने कहा कि पत्रकारिता कोई साधारण व्यवसाय नहीं, यह समाज के प्रति उत्तरदायित्व, सत्य के प्रति निष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। गौरव की बात है कि हिन्दी पत्रकारिता ने अपने आरंभ से ही समाचार प्रसार की सीमाओं से आगे बढ़कर कार्य किया। समाज के दिशा दर्शन, जनमत को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का सशक्त प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन के कठिन दौर में भी हिन्दी पत्रकारिता ने जन जागरण, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने में कारगर भूमिका निभाई है। यही कारण है कि हिन्दी पत्रकारिता का योगदान केवल स्वतंत्रता संग्राम तक सीमित नहीं रहा उसने विशाल पाठक वर्ग तैयार कर ज्ञान का प्रसार भी है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता आज भी हमारे लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने, नागरिक चेतना जगाने और राष्ट्र निर्माण प्रयासों में प्रभावी भूमिका निभा रही है।

# मथुरा में समाजवादी पार्टी का प्रदर्शन, बैलगाड़ी से सपाई पहुंचे कलेक्ट्रेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** समाजवादी पार्टी मथुरा ने विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को अपने सभी फ्रंटल संगठनों के साथ कलेक्टरेट कंपाउंड स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। तमाम कार्यकर्ता बैलगाड़ी से पहुंचे थे। प्रदर्शन के बाद समाजवादियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर, बिजली संकट, बिजली की बढ़ती कीमतों पर तुरंत रोक




लगाने की मांग शामिल हैं। प्रदर्शन जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महासचिव सुभाष पाल, वरिष्ठ नेता प्रदीप चौधरी, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, दिगंबर सिंह जाटव, गगन रावत, जिला सचिव तुलसीराम धनगर और मोड़ ठाकुर उपस्थित रहे।